दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



दोस्ती के नए रंग......

मन-भावक रंगबिरंगी तितली....

वर्ष : 10 | अंक : 97 | लखनऊ, 16 मार्च, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफटी 21,853.80

# नव्य और भव्य अयोध्या से जुड़ेगा बलरामपुर और श्रावस्ती : सीएम योगी आदित्यनाथ

## बलरामपुर के कोयलरा गांव में आदिशक्ति मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

**मुख्यमंत्री ने राज्य विश्वविद्यालय की रखी आधारशिला, भूमि पूजन कर किया शिलान्यास**

**विश्वविद्यालय एक कल्पना थी, आज वो सपना साकार हुआ–सीएम**

**होली के पहले सीएम ने जनपदवासियों को मेडिकल कालेज और राज्य विश्वद्यालय के रूप में दिए दो बड़े उपहार**

**विश्वविद्यालय में रोजगारपरक पाठ्यक्रम को किया जाएगा शामिल, मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बलरामपुर और श्रावस्तीवासियों को करोड़ों की सौगात दी है। सीएम श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य विश्वविद्यालय का विधिवत भूमि पूजन कर राज्य विश्वविद्यालय की आधार शिला रखी गई।इसके के साथ ही जनपद बलरामपुर में 1488.89 करोड़ रूपए की लागत की 466 परियोजनाओं का तथा जनपद श्रावस्ती की 260.37 करोड़ रूपए लागत की 31 परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। भूमि पूजन के बाद मुख्यमंत्री जी ने विश्व विद्यालय निर्माण के लिए बनाये गये आकीर्टेक्चर को विधिवत देखा।जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने मा0 मुख्यमंत्री जी को मास्टर प्लान एवं आकीर्टेक्चर के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए डिजाइनिंग, विभिन्न ब्लॉक्स, भवन आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद बलरामपुर में विश्वविद्यालय एक सपने जैसा था, जो कि आज साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बनने से जहां एक ओर मण्डलवासियों को उच्च शिक्षा मिल सकेगी तो वहीं दूसरी ओर रोजगार के अवसर भी सृजित होगें।उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में रोजगार परक पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाएगा तथा विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जाएगा ताकि वे रोजगार पा सकें। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विश्व विद्यालय में अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग का प्रबन्ध सुनिश्चित कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी में लाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।उन्होंने जनपद बलरामपुर और श्रावस्ती के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि जनपद बलरामपुर आदि शक्ति मां पाटेश्वरी का दरबार है तो श्रावस्ती मयार्दा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के पुत्र कुश की राजधानी रहा है। उन्होंने कहा कि बलरामपुर पं0 अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मस्थली होने के साथ ही राष्ट्र. ऋषि नानाजी देसमुख और विदेशी आक्रांन्ताओं का छक्का छुड़ाने वाले महाराजा सुहेलदेव, महात्मा बुद्ध की तपोस्थली और जैन तीर्थांकरों की नगरी है।उन्होंने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि उनका संकल्प विकसित भारत का है और इसके लिए अच्छी शिक्षा, रोजगार, उद्योग, जन-जन की सुरक्षा, मजबूत कानून व्यवस्था के लिए वृहद स्तर पर काम किया जा रहा है।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने राष्ट्रपति भवन परिसर में अपने नाम पर बनी सड़क का उद्घाटन किया




एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन एस्टेट में उनके नाम पर एक सड़क का उद्घाटन किया। सुबह में, एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति के कुछ सदस्यों के साथ कोविंद ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में समिति की रिपोर्ट सौंपने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।कोविंद ने सोशल मीडिया पर इसके लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, आज राष्ट्रपति भवन में मेरे नाम पर बनी सड़क यानी वीथि के उद्घाटन पर सम्मानित महसूस किया। हमारी विरासत को संरक्षित करने का यह महत्वपूर्ण कार्य समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस भाव के लिए आभारी हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति भवन संग्रहालय में उनकी और उनकी पत्नी सविता कोविंद की तस्वीर और यादगार वस्तुओं का अनावरण करने वाले मुर्मू के सहृदय भाव से वह बहुत प्रभावित हुए।उन्होंने कहा, हमारी विरासत को संजोया और मनाया जाता देखना सम्मान की बात है।मैं इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।

**संक्षिप्त समाचार**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैदराबाद में विश्व आध्यात्मिक महोत्सव में शामिल होंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को हैदराबाद में विश्व आध्यात्मिक महोत्सव में भाग लेंगी। अपनी तरह की यह पहली आध्यात्मिक सभा गैर-लाभकारी संगठन हार्टफुलनेस के हैदराबाद के बाहरी इलाके में स्थित मुख्यालय कान्हा शांति वनम में 14 से 17 मार्च तक आयोजित की जा रही है। राष्ट्रपति भवन ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह कार्यक्रम सभी धर्मों और पंथ के आध्यात्मिक नेताओं को दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र में लेकर आएगा। उसने बताया कि राष्ट्रपति 15 मार्च को हैदराबाद में कान्हा शांति वनम में विश्व आध्यात्मिक महोत्सव में शिरकत करेंगी।

## नए निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने प्रभार संभाला

नयी दिल्ली। नव नियुक्त निर्वाचन आयुक्तों.. ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को अपना प्रभार संभाल लिया। दोनों पूर्व नौकरशाहों को बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। वे मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में हाल में एक नया कानून लागू होने के बाद, निर्वाचन आयोग में नियुक्त किए गए पहले सदस्य हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू का स्वागत करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने ऐसे ऐतिहासिक समय पर उनकी नियुक्ति के महत्व के बारे में बात की जब निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव कराने की तैयारियां कर रहा है। अनूप चंद्र पांडे के 14 फरवरी को सेवानिवृत्त होने और आठ मार्च को अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में ये पद खाली हो गए थे। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू दोनों वर्ष 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। ज्ञानेश कुमार केरल कैडर से और सुखबीर सिंह संधू उत्तराखंड कैडर से आते हैं।

## इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चंदा लेने में ममता दीदी ने कांग्रेस को पछाड़ा

नई दिल्ली। भारतीय चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चला कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कांग्रेस की तुलना में कहीं अधिक मूल्य के चुनावी बांड भुनाए। भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बांड योजना के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों के बीच सबसे अधिक राशि प्राप्त हुई। जबकि कई शीर्ष कॉर्पोरेट घराने बांड खरीदने वालों की सूची में शामिल थे, सबसे बड़ा दानकर्ता तमिलनाडु स्थित लॉटरी फर्म निकला। भारतीय चुनाव आयोग ने दो दस्तावेज अपलोड किए हैं। उनके मुताबिक, 2019 से 2024 के बीच 1260 कंपनियों और लोगों ने ?12,155.51 मूल्य के 22217 बॉन्ड खरीदे हैं। 23 राजनीतिक दलों ने इन बॉन्ड को भुनाया है।

## बैंक खाते जब्त करना कठोर कार्रवाई, तय प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए: उच्च न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने सीमा शुल्क विभाग के 2022 के आदेश के खिलाफ सोने के व्यापार से जुड़ी तीन फर्म द्वारा दायर याचिकाओं पर 12 मार्च को जारी अपने फैसले में कहा कि ऐसे प्रावधानों का उद्देश्य पूर्वाग्रह से की गई कार्रवाई करना नहीं है।विभाग ने सोने की तस्करी की जांच के सिलसिले में चोकसी अरविंद ज्वेलर्स, पल्लव गोल्ड और मैक्सिस बुलियन के परिसरों की तलाशी के बाद उनके खातों को अस्थायी रूप से कुर्क करने का निर्देश दिया था। कंपनियों के वकील सुजय कांतवाला ने दलील दी कि सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110(5) के तहत आवश्यक है कि ऐसे आदेश लिखित रूप में पारित किए जाएं और कारण बताए जाएं। याचिकाकताओं ने यह भी दावा किया कि उन्हें कुर्की के बारे में सूचित नहीं किया गया था और विभाग ने इस संबंध में सीधे बैंकों को आदेश भेज दिए। उच्च न्यायालय ने माना कि कार्रवाई अवैध थी, क्योंकि सीमा शुल्क अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।

# डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की दुश्मन, कांग्रेस गठबंधन कभी भी राज्य का विकास नहीं कर सकता : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (15 मार्च) को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।जनसभा के दौरान महिला बीजेपी नेताओं ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। पीएम मोदी ने कहा, तमिलनाडु में क.ठ.ऊ.क.अ ब्लॉक का अहंकार टूट जाएगा।

प्रधान मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के लोग जम्मू-कश्मीर के निवासियों की तरह देश को तोड़ने का सपना देखने वाले लोगों को अस्वीकार कर देंगे।पीएम मोदी ने कहा आज देश के



दक्षिणी सिरे कन्याकुमारी से जो लहर उठ रही है, वह बहुत दूर तक जाएगी। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वाले लोगों को खारिज कर दिया। अब, तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने डीएमके-कांग्रेस गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि वे राज्य का विकास नहीं कर सकते क्योंकि उनका इतिहास घोटालों से भरा है।उन्होंने कहा, डीएमके तमिलनाडु की दुश्मन है। डीएमके-कांग्रेस का आईएनडीआई गठबंधन कभी भी तमिलनाडु को विकसित राज्य नहीं बना सकता क्योंकि इसका इतिहास घोटालों और भ्रष्टाचार का है। तमिलनाडु में एक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा जम्मू कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को खारिज कर दिया, तमिलनाडु भी ऐसा ही करेगा। लोगों को लूटने के लिए द्रमुक और कांग्रेस सत्ता में आना चाहती हैं, 2जी घोटाले में द्रमुक को सर्वाधिक लाभ मिला। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की ओर विकास की पहल है, ह्यइंडियाह्न गठबंधन की तरफ घोटाले हैं : प्रधानमंत्री मोदी।प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के विभिन्न घोटाले गिनाते हुए कहा कि सूची बहुत लंबी है।कन्याकुमारी की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिले के लिए की गई विभिन्न पहलों पर नजर रखे हुए है केंद्र। तमिलनाडु के भविष्य, उसकी संस्कृति की दुश्मन है द्रमुक, अयोध्या मंदिर कार्यक्रम का प्रसारण ह्यप्रतिबंधित किया। द्रमुक को देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत है। द्रमुक तमिलनाडु का दुश्मन, कांग्रेस गठबंधन कभी भी राज्य का विकास नहीं कर सकता'।

# नीतीश 9.0 में स्पेशल 21 की एंट्री, बीजेपी से 12, जदयू से 9 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ गठबंधन टूटने के कुछ हफ्ते बाद, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले नए मंत्रिमंडल का विस्तार 15 मार्च को हो गया। नए मंत्रियों के शुक्रवार की शाम 6:30 बजे पद की शपथ ली। नीतीश कुमार की कैबिनेट में 21 मंत्रियों ने शपथ ली। बीजेपी से 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। वहीं जेडीयू के कोटे से 9 मंत्री बनाए गए। यह घटनाक्रम भाजपा और जदयू नेताओं के बीच एक बैठक के बाद कई सप्ताह तक चली अटकलों के बाद आया है। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री रेणु देवी और विजय सिन्हा शामिल हुए, साथ ही जेडीयू नेता ललित सिंह, संजय झा, बिजेंद्र यादव और विजय चौधरी भी बैठक में मौजूद रहे।

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी को राज्य की मंत्री के तौर पर शपथ दिलायी। बीजेपी की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु देवी बेतिया विधानसभा क्षेत्र से आती हैं। बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मंत्री पद की शपथ ली। वो तीन बार विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं। बिहार के राजभवन में शुक्रवार शाम एक समारोह के दौरान भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने राज्य के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने बिहार के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जनता दल यूनाइटेट की वरिष्ठ नेता लेसी सिंह ने बिहार की मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जदयू के वरिष्ठ नेता मदन सहनी ने बिहार के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता नीतीश मिश्रा ने मैथिली में बिहार के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन ने बिहार के मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वर्तमान में मंत्रिपरिषद, जिसमें 30 से अधिक सदस्य हो सकते हैं, की कुल संख्या नौ है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत तीन बीजेपी से हैं, जबकि सीएम समेत चार जेडीयू से हैं। इसके अलावा निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष सुमन मंत्री हैं।

## निर्वाचन आयुक्तों को चुनने की नयी प्रणाली से पता चलता है कि अंतिम फैसला प्रधानमंत्री का : शरद पवार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने नये निर्वाचन आयुक्त के रूप में बृहस्पतिवार को पूर्व नौकरशाह सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार के नाम की सिफारिश की। चयन समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं और इसमें सरकार द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता सदस्य होते हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा, इससे पहले, दो केंद्रीय मंत्रियों के साथ उच्चतम न्यायालय के एक न्यायमूर्ति भी निर्वाचन आयुक्तों के चयन की प्रक्रिया का हिस्सा थे। हालांकि, हाल ही में चयन प्रक्रिया में कुछ बदलाव किए गए और उन्होंने शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति को इस प्रक्रिया से हटा दिया। उन्होंने कहा, नयी प्रणाली के अनुसार दो (केंद्रीय) मंत्रियों और विपक्ष के नेता को निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने का अधिकार दिया गया है। इसका मतलब है कि केवल उन्हीं (उम्मीदवारों) को नियुक्त किया जाएगा जिसे मोदी जी तय करेंगे। इस नयी व्यवस्था से नियुक्तियां मनमर्जी से होंगी।

## राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता के अग्रदूत थे जगद्गुरु शंकराचार्य: प्रो.संजय द्विवेदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि जगद्गुरु शंकराचार्य राष्ट्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता के अग्रदूत थे। भारतीय समाज के विविध सांस्कृतिक प्रवाहों को साथ लाकर उन्होंने राष्ट्रीय एकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। द्विवेदी आज यहां हंसराज कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा आयोजित जगद्गुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। भारतीय शिक्षा समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन प्रो.हरीश अरोड़ा ने किया। स्वागत व्याख्यान डा.नृत्यगोपाल शर्मा और आभार ज्ञापन डा.विजय कुमार मिश्र ने किया। प्रो.द्विवेदी ने कहा ऐसे समय में जब समाज अपना आत्मविश्वास खो चुका था और आत्मदैन्य का शिकार था, जगद्गुरु शंकराचार्य ने उस महान राष्ट्र को उसकी अस्मिता से परिचित कराया। वेदों और उपनिषदों की ऋषि परंपरा का उत्तराधिकारी राष्ट्र कभी दीनता का शिकार नहीं हो सकता, इसका गौरवबोध करवाकर सोते हुए समाज को उन्होंने झकझोर कर जगाया। प्रोफेसर द्विवेदी ने कहा कि सिर्फ 32 साल की आयु में संपूर्ण देश का प्रवास, विपुल अध्ययन और लेखन के साथ चार मठों की स्थापना साधारण बात नहीं है। उनके प्रयासों से ही हमारी अस्मिता, धर्म और भारतबोध संरक्षित हो सके। उनका सपना भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित एक समर्थ, आध्यात्मिक समाज है जो विश्व मंगल और लोक-मंगल के सपने को सच कर सके। विषय प्रवर्तन करते हुए पीजीडीएवी कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के प्राध्यापक डा.हरीश अरोड़ा ने कहा आज के समय में जगद्गुरु शंकराचार्य के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं जो व्यवहारिक जीवन के लिए भी उपयोगी हैं। वे भारतबोध के प्रखर प्रवक्ता हैं, जिन्होंने हमें हमारे होने का अहसास कराया। कार्यक्रम का संयोजन डा.रवि कुमार गौड़ और संचालन यशस्वी वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर डा.प्रभांशु ओझा, भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी रितेश पाठक, लेखक शिवेश प्रताप, नरेन्द्र कुमार रावत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण को लेकर आईएएस डॉ. हीरा लाल ने दी जानकारी, कहा- जागरुकता बेहद उपयोगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

झाँसी, उत्तर प्रदेश। एस एम सहगल फाउंडेशन ने डीसीबी बैंक की सहभागिता और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) की ज्ञान भागीदारी में 14 मार्च, 2024 को उत्तर प्रदेश के झांसी में क्षमता वर्धन और अनुभव साझा करने हेतु 'जलागम' चौथी कार्यशाला श्रृंखला का आयोजन किया। एस एम सहगल फाउंडेशन की ट्रस्टी और सीईओ अंजली मखीजा ने उपस्थित अतिथिगण के साथ जलागम कार्यशालों में जमीनी स्तर पर जल संरक्षण और सामुदायिक नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए श्वेतपत्र जारी करते हुए कार्यशाला का शुभारंभ किया।




कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हीरा लाल, आईएएस, विशेष सचिव सिंचाई, उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि जब हम जलवायु या जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं, तब भी पानी हवा से पहले आता है।हम पानी के महत्व को नकारते आये हैं और अब समय है की हम पानी को न सिर्फ बातों में बल्कि अपने आचरण और कार्यों में तब्दील करें। उन्होंने बांदा में अपने व्यापक कार्य के बारे में साझा किया जहां उन्होंने समुदाय के साथ मिलकर सामूहिक रूप से कुओं और झीलों का कायाकल्प किया और जल संरक्षण के महत्व के बारे में समुदायों को जागरूक करने हेतु काव्यात्मक छंद और सम्मोहक नारे जैसे नवीन दृष्टिकोण अपनाए।साथ ही उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की, जो पानी को दूषित करता है तथा पर्यावरण में ऑक्सीजन की वृद्धि हेतु पेड़ लगाने की आवश्यकता पर बल दिया और कृषि में जल-दक्षता की जरूरत पर भी प्रकाश डाला।

श्वेत पत्र पर चर्चा करते हुए, रुचिरा भट्टाचार्य, सहायक प्रोफेसर, सीएसआर पीपीपी पीए, एनआईआरडीपीआर, ने जल प्रबंधन नीतियों के दायरे और समुदायों में जल दक्षता बढ़ाने और आपसी सीख में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के महत्त्व पर प्रकाश डाला।कार्यशाला में श्री मुनीश गंगवार (सेवानिवृत्त जीएम, नाबार्ड) ने एकीकृत परिपेक्ष्य पर आधारित सामुदायिक जल संरक्षण पर अपने विचार साझा किए, जिसमें स्थायी जल प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे दूसरे सहभागियों के साथ मिलकर समुदाय के हितों के लिए काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वही इसका समाधान अच्छे से जानते हैं। प्रत्येक गांव में परोपकारी नेतृत्व मौजूद है, उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने विकसित गांवों के उदाहरण को बड़े स्तर पर प्रदर्शित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीएए नागरिकता संशोधन कानून पर हिन्दू जागरण मंच की बैठक आयोजित



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच की बैठक रहीमाबाद कार्यालय पर जिला सह सयोंजक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व और केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर की अध्यक्षता में नागरिकता संशोधन कानून 2019 (सी० ए०ए० )के क्रियान्वयन की सर्वसम्मत स्वीकार्यता के लिए विमर्श बैठक आयोजित हुई बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कौशल किशोर ने मंच के पदाधिकारियों को विस्तृत जानकारी देते हुए संवेदित किया। इस मौके पर जिला संयोजक सूर्यभान शांडिल्य, सुरजीत सिंह मुन्ना यादव, शैलेंद्र सिंह, सरोज गुप्ता, रामविलास, कमलेश कुमार, रामनारायण लोधी, हरिओम राज, अमित कनौजिया, अनिल, समर्थ सिंह तिलन सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरेराह महिला से चेन लूट का आरोपी गिरफ्तार




## बेची गई चेन से बची नकदी 20 हजार रुपये बरामद,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से सरेराह महिला से चेन लूट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है ।वही पुलिस ने गिरफ्त में आज लुटेरे के पास से तलाशी के दौरान लूट की बेची गईं चेन की बची 20 हजार रुपये नकदी बरामद करने के बाद शातिर लुटेरे को थाने में दर्ज लूट के मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया है ।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना परिचय अंकित कुमार पुत्र श्रीपाल गढ़ फाटक शिवनगर थाना हापुड़ देहांत जनपद हापुड़ निवासी के रूप में दिया है ।वही पुलिस के अनुसार शातिर लुटेरे ने पुलिस पूछताछ के दौरान थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जे से बंगला बाजार पूजा की सामग्री लेने जाते समय शिवशक्ति दुकान के सामने रोड पर महिला के गले से चैन छीन कर भाग की बात कबूल करने के साथ गाजीपुर थाना क्षेत्र लूट की धारा में कई मुकदमे दर्ज होने की बात कबूल की है ।पुलिस के अनुसार चेन लूट के बाद बेची गईं चेन की नकदी की बरामदगी के आधार पर आरोपी को थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने औषधीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के नये भवन का किया शिलान्यास

## 4,000 छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन प्रदान किए

- मेडिकल डिवाइस पार्क तथा फार्मा पार्क स्थापित किया जा रहा: मुख्यमंत्री
- फामेर्सी क्षेत्र में कुशल मैनपावर को तैयार करने के लिए संस्थाओं को कार्य करना होगा
- प्रधानमंत्री ने भारत को वर्ष 2027 तक 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने का लक्ष्य रखा
- भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने में तकनीकी संस्थानों व दक्ष युवाओं की आवश्यकता
- टैबलेट और स्मार्टफोन का नि:शुल्क वितरण युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए ही किया जा रहा
- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नये पाठ्यक्रम ला रहा, इण्डस्ट्री तथा बाजार के अनुसार मैनपावर तैयार कर रहा
- हमें उद्योग की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को तैयार करना होगा



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 6381.51 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले औषधीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के नये भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत 4,000 छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में फामेर्सी भवन की आधारशिला रखी गई है। यह विश्वविद्यालय की प्रगति को और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत माता के वीर सपूत महामना मदन मोहन मालवीय नाम पर स्थापित यह प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शिक्षा में अपने अमूल्य योगदान के लिए हमेशा से प्रसिद्ध रहा है।मालवीय ने अपना पूरा जीवन शिक्षा व समाज सुधार के लिए समर्पित किया था।संसाधनों की कमी, विभिन्न चुनौतियों तथा स्वाधीनता आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के बावजूद भारत में शिक्षा के लिए उन्होंने जो संकल्प लिया था, उसके लिए वह लगातार प्रयास करते रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पं0 मदन मोहन मालवीय ने वर्ष 1916 में बनारस में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। आज 100 वर्ष से भी ज्यादा का समय होने के बावजूद यह शिक्षा के लिए एक बड़ा केन्द्र है। स्वतंत्र भारत में युवाओं को शिक्षा देने के लिए संकल्पित इस नायक के नाम पर ही यह विश्वविद्यालय है। गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश का यह एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय है, जो अपने नाम और पहचान के लिए जाना जाता है। राज्य सरकार द्वारा संचालित यह विश्वविद्यालय अपने विस्तृत परिसर एवं तकनीकी शिक्षा में पारंगत दक्ष युवाओं के लिए जाना जाता है।फामेर्सी भवन के शिलान्यास के बाद फामेर्सी क्षेत्र में भी युवाओं को शिक्षा देकर यह विश्वविद्यालय कुशल फार्मासिस्ट बनाने का कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस भवन का निर्माण विश्वविद्यालय अपने ही राजस्व से करा रहा है। यह विश्वविद्यालय की आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करता है। विश्वविद्यालय ने अपने अच्छे पाठ्यक्रम के साथ आत्मनिर्भरता भी प्राप्त की है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण के संकल्प में पहला संकल्प आत्मनिर्भरता ही है।जब हमारा देश गुलाम था, तब सन् 1904 में महामना मदन मोहन मालवीय ने संकल्प लिया था कि आजाद भारत में नागरिकों को शिक्षा प्राप्ति के अच्छे केंद्र मिलने चाहिए। शिक्षा आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश फामेर्सी के क्षेत्र में एक उपभोक्ता राज्य रहा है। यहां बाहर से निर्मित दवाएं आती हैं।आज शासन उत्तर प्रदेश को फार्मा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रयास कर रहा है।इसके लिए उत्तर प्रदेश में दो कार्य शुरू किए गए हैं। जनपद ललितपुर में 2,000 एकड़ में फार्मा पार्क का निर्माण हो रहा है, जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। साथ ही उत्तर प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना का भी कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो कार्य पहले हो जाने चाहिए, वह आज हो रहे हैं। देश की सबसे बड़ी जनशक्ति होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में दवाएं नहीं बनती थीं। आज इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें समय के अनुरूप चलना होगा। बाजार व इण्डस्ट्री की मांग के अनुसार अपने पाठ्यक्रम को तैयार करके विद्यार्थियों को पारंगत बनाकर इस दिशा में कैरियर के लिए कार्य करना होगा। फामेर्सी के क्षेत्र में कुशल मैनपावर को तैयार करने के लिए संस्थाओं को भी कार्य करना होगा। यह फामेर्सी के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को वर्ष 2027 तक 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह क्षेत्र उसमें भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आगामी 03 वर्षों में यह विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगा। आगामी वर्षों में भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाना है। भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने में तकनीकी संस्थानों व दक्ष युवाओं की आवश्यकता होगी।समय के अनुरूप अपने आप को तैयार करके हम बढ़ेंगे तो इस लक्ष्य को पाने में कठिनाई नहीं होगी। हमारा युवा इतना काबिल है कि वह जहां भी जाता है, छा जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर में नयापन देखने को मिलता है।गत वर्ष यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए थे। विगत दिनों इन निवेश प्रस्तावों में से 10.50 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम प्रधानमंत्री ने किया।इससे लगभग 35 लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। इन अवसरों को प्राप्त करने के लिए हमें उद्योग की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को तैयार करना होगा।शासन भी इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टैबलेट और स्मार्टफोन का निःशुल्क वितरण युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए ही किया जा रहा है।इस स्मार्टफोन और टैबलेट में शासन की विभिन्न योजनाओं को समाहित किया गया है। यह युवाओं को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। हमारे युवा योजनाओं को जानकर और उनका लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया में असम्भव कुछ भी नहीं है। असम्भव उनको लगता है, जो कुछ करना ही नहीं चाहते हैं। जिनके पास सामर्थ्य होता है, वह चुनौतियों से जूझने की क्षमता रखते हैं। उनके लिए कुछ भी असम्भव नहीं होता। जहां चुनौतियां होती हैं, वहां सम्भावना भी होती है।

# भूतपूर्व सैनिक से प्लाट के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।कूटरचित दस्तावेजो के सहारे भूर्तपूर्व सैनिक को प्लाट बेचकर ठगी करने वाले एक जालसाज को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया 4नवम्बर 2023 को भूतपूर्व सैनिक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने नीरज कुमार,पिंकी सिंह व ज्ञान सिंह के विरूद्ध फर्जी प्रपत्रो के सहारे उसे प्लाट बेचकर ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया था ।विवेचना के दौरान आरोपी नीरज कुमार निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज पर ठगी करने का आरोप सिद्व होने पर पुलिस की टीमो को गिरफ्तारी के लिये लगाया गया था,बीते गुरूवार को पुलिस टीम ने जालसाज नीरज कुमार को सरथुवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया ? ।वही फरार अन्य दो आरोपियो की तलाश जारी हैं।

# रालोद प्र्रदेश मुख्यालय पर मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाई गई



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर मान्यवर कांशीराम की जयन्ती राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्र्यापण कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कांशीराम जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के निधन के बाद समाज के शोषित, वंचित तथा समाज के अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति जब अपने को अनाथ और बेसहारा महसूस कर रहा था ऐसे समय में मान्यवर कांशीराम जी ने उनके आत्मसम्मान के लिए संघर्ष करने का काम किया और उनको न्याय दिलाया। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित करने और उनके हितों के लिए लम्बा आन्दोलन चलाया और उनको राजनैतिक शक्ति के रूप में उभारने का काम किया। उन्हें शोषित वंचित समाज, पिछड़े और दलितों के उत्थान हमेशा याद किया जायेगा। श्रद्धांजलि समारोह में प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, आर0पी0 सिंह चौहान, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, राजेश मौर्य, प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, महेश पाल धनगर, रमेश कश्यप, मनीष पाण्डेय, सुमित सिंह, विनोद कोरी आदि प्रमुख थे।

# अनियंत्रित होकर कार खाई में पलटी , चालक समेत पांच घायल

अमन लेखनी समाचार




कार को बाहर निकलती क्रेन – फोटो

लखनऊ। एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे कार सवारों के सामने अचानक ट्रक आ जाने से कार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकराकर खाई में गिरकर पलट गई. जोर की आवाज सुन मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तुरंत आनन फानन में चालक समेत सवार पांच लोगों को खिड़की तोड़कर बाहर निकाल निजी अस्पताल पहुंचाया जहां दो लोगों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के संडीला थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर निवसी सम्राट व गदोरा निवासी दिनेश, धर्मेंद्र तिलन निवासी, कुलदीप, पंकज दुबग्गा लखनऊ के साथ स्विफ्ट कार से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे रहीमाबाद गहदो मार्ग पर टीकर गांव के पास रात के अंधेरे में सामने अचानक ट्रक आ जाने से कार बचाने के प्रयास में सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर खाई में गिरकर पलट गई।जोर की आवाज होने पर लोग मदद को आए और कार सवार पांच लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद खिड़की तोड़कर बाहर निकाल निजी अस्पताल पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया है जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे शुक्रवार को ग्रामीणों की मदद से कार को क्रेन से उठवाकर बाहर रखवा दिया गया है। लोगों ने बताया कि इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

# कोर्ट के आदेश पर दो महीने बाद दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी दलित महिला के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ शिकायत पर जान से मारने की धमकी देना आरोपी युवक को महंगा पड़ा. घटना के दो महीने बाद बीते बुधवार को पुलिस ने अदालत के आदेश पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने बताया कि बीते 8 जनवरी 2024 को उसके पति बच्चों के साथ काकोरी थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में हो रहे भागवत भंडारा में शामिल होने गए थे। और वह घर में अकेली थी।इस बीच थाना क्षेत्र के ग्राम साहिलामऊ निवासी सिराज जबरन घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा तभी महिला ने शोर मचाया तो पड़ोस में रहने वाले शिव प्रसाद व राजेंद्र बचाने के लिए दौड़े तो आरोपी जाति सूचक गालियां देते हुए शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए. मौके से भाग निकला।पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताते हुए।थाने पहुंच मामले की शिकायत कि पर पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी पुलिस से न्याय न मिलता देख पीड़िता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर मलिहाबाद पुलिस ने दो महीने बाद आरोपी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ढाबे पर खड़े ट्रेलर के केबिन में फांसी के फंदे से लटका मिला चालक का शव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।निगोहां थाना क्षेत्र के एक ढाबे के पास हाइवे किनारे खड़े ट्रेलर के केबिन में सदिग्धं परिस्थितियों में चालक का शव छत में लगे पंखे में रस्सी के फंदे सहारे लटका मिला। दूसरे ट्रक के चालक ने ट्रेलर के केबिन में चालक का शव फांसी के फंदे से लटकता देख पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक के शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।पीड़ित भाई ने साजिश के तहत चालक भाई की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुये पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किये जाने की मांग की हैं ।प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर देहात जनपद के थाना डेरापुर के जीरेपुर गांव निवासी राजेन्द्र पाल( 38वर्ष ) ट्रेलर चलाता था,वो मध्यप्रदेश के सतना से सीमेंट लोड कर लखनऊ के लिये निकला था,लेकिन लखनऊ पहुंचने से पहले ही शुक्रवार की सुबह चालक राजेन्द्र पाल का शव ट्रेलर के अगले हिस्से में बने केबिन की छत में लगे पंखे में रस्सी के फंदे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला, मृतक चालक ने केबिन के सारे गेट अंदर से लांक कर रखे थे ।शुक्रवार की सुबह उसी कम्पनी का दूसरा ट्रक माल लेकर लखनऊ जा रहा था इस दौरान चालक ने अपनी कम्पनी का ट्रेलर निगोहां के मदापुर मंदिर चौराहे के पास स्थित लाल चारपाई ढाबे के पटस हाइवे किनारे खड़ा देखकर मौके पर जाकर देखा तो ट्रेलर के अंदर चालक का शव फांसी के फंदे से लटकता रहा था ।जिसके बाद चालक ने मालिक समेत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। एसीपी राधा रमण सिंह समेत निगोहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन के बाद मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।सूचना ने बाद परिजनो संग कानपुर देहात से मौके पर पहुंचे भाई गुलाब सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुये साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग की हैं ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया मृत चालक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# चार दीवारी कूद घुसे चोरों ने पार किया भुमिगत केविल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में घूम रहे बेखौफ चोरों ने बीएसएनएल के क्षेत्रीय दूरसंचार स्टोर डीपो को निशाना बना डीपो की चहारदीवारी कूद भुमिगत केविल चोरी कर फरार हो गए । आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच एलडीए कालोनी में बीएसएनएल का क्षेत्रीय दूरसंचार स्टोर डीपो है। वही डीपो के इंचार्ज मनीष कुमार नरंजन के अनुसार बीते 3 मार्च की रात्रि को 50 पेयर की 758 मी० एवं 7 मार्च की सुबह 3:50 बजे 50 पेयर की 146 मी.कुल 904 मी० भुमिगत केविल, स्टोर में रक्खा था जो अज्ञात चोरों द्वारा चोरी चला गया। वही पीड़ित डीपो के इंचार्ज का कहना था कि उनके सुरक्षा कर्मी रामलोटन ने उन्हें बताया कि वह बीते 7 मार्च की रात्रि ड्यूटी पर था। उसने गस्त के दौरान देखा तो एक व्यक्ति नीचे था जबकि क व्यक्ति चहारदीवारी पर खड़ा था तथा कुछ लोग चहारदीवारी के दूसरी तरफ थे ।सुरक्षाकर्मी के दौड़ाने के दौरान सभी चहारदीवारी कूद कर भाग गये। जिसकी जानकारी उनके गार्ड ने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के साथ उन्हें दी थी।पी आर वी एवं पुलिस चौकी एल०डी०ए० आशियाना द्वारा रात में ही मौके का निरीक्षणि किया गय था। पुलिस के अनुसार डीपो इंचार्ज की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# बाइक सवार लुटेरों ने सरेराह छीना महिला के गले से चेन हुए फरार, मुकदमा दर्ज

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ बाइक सवार लुटेरों ने सरेराह एक महिला के गले में झपट्टा मार चेन छीन लिया और बाइक पर फरार्टा भरते मौके से फरार हो गए ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित आशुतोष नगर निवासिनी राशी यादव पत्नी रामरेश यादव ने बताया कि बीते 13 मार्च की दोपहर करीब 3.15 बजे अपने घर से बाजार के लिए निकली थी। उस दौरान उनके घर के निकट शिवम पार्क के पास एक बाइक सवार युवक ने उनके गले में झपटा मार चेन छीनकर फरार हो गया। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के साथ पति को दे स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर लूट की धारा में मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में लुटेरें के फुटेज तलाशे जा रहे हैं।

# फूलों से होली खेलकर छात्रों ने दिया पानी बचाने का संदेश

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।पानी की बबार्दी रोकने व लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मोहनलालगंज के कनकहा में स्थित सरदार पटेल इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज एण्ड रिसर्च सेंटर में फूलो की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें इस्कान मंदिर की टीम के द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण समेत होली गीतो पर बीएएमएस छात्र-छात्राओ समेत शिक्षको ने जमकर थिरकने के साथ जमकर फूलो की होली खेली ।संस्था के अध्यक्ष व भाजपा विधायक अनुराग सिंह व सचिव स्नेहलता सिंह व उपाध्यक्ष श्लोक सिंह ने छात्र-छात्राओ समेत इस्कान मंदिर की टीम पर फूलो की वर्षा करते हुये होली खेली ।संस्था के अध्यक्ष व विधायक अनुराग सिंह ने कहा कि होली आपसी भाइचारे का पर्व है। सभी को यह पर्व को सद्भावना के साथ मनाना चाहिए।सभी को अपने बड़े-बुजुर्गो से आशीर्वाद अवश्य लेना चाहिए। साथ ही व्यर्थ में पानी बहाने से बचना चाहिए।इस पर्व को इस ढ़ग से मनाया जाए कि इससे प्यार-प्रेम और अधिक बढें ।संस्था की सचिव डा०स्नेहलता सिंह ने बताया लोगों को रंगों से होली खेलने से बचना चाहिए।इससे जहां काफी मात्रा में पानी की बबार्दी होती है, वहीं रंगों का त्वचा पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। रंगों से त्वचा खराब हो जाती है। लोगों को पानी बचाने के लिए रंगों की बजाए गुलाल व फूलों से होली खेलनी चाहिए।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने का झांसा देकर जालसाजों ने उडाए 89,649 रुपए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला को साइबर जालसाजों ने उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने का झांसा देकर दो बार में 89,649 रुपए ट्रांजेक्शन कर पार कर दिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि मूल रूप से बादशाही मण्डी, जनसन गंज चौराहा थाना कोतवाली प्रयागराज निवासिनी माधवी मिश्रा पत्नी अंकित दुबे के अनुसार वह अस्थायी रूप से आलमबाग थाना क्षेत्र स्थित पटेलनगर, आदर्शनगर में रहती है और उन्होंने बीते 3 माह पूर्व इंडसेन्ड बैंक से 1 लाख रुपये की लिमिट का क्रेडिट कार्ड बनवाया था आरोप है कि बीते 1 फरवरी की दोपहर कालर ने उनके मोबाइल नम्बर पर फोन कर कार्ड की लिमिट बढाकर 2 लाख 70 हजार रुपये करने की बात कहते हुए ओटीपी वैरीफाई करने की बात कही।जिसपर उन्होंने आरोपी जालसाजों की बातों में आकर ओटीपी बता दिया ।जिसके बाद उनके ब क्रेडिट कार्ड से दो बार में 49129.53 रुपए व 40519.20 रुपए कुल 89,649 रुपए उनके क्रेडिट कार्ड से निकल गए। जिसका मैसेज आने पर उन्होंने घटना की शिकायत साइबर सेल सहित स्थानीय आलमबाग कोतवाली में करी है ।पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में घायल मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बाबा के साथ गये नाती का मार्ग दुर्घटना मे घायल बाद मौत हो गयी जिससे घर मे कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला जोतपुर निवासी शिवम तिवारी पुत्र किशन तिवारी का 5 वर्षीय पुत्र गौरव अपने बाबा किशन तिवारी के साथ ग्राम चंदीगढी स्थिति खेत पर गया हुआ था जहाँ बाबा जानवरो हेतु खेत मे चारा काटने लगे और गौरव वही आसपास खेलने लगा इसी बीच वह सडक के पास आ गया और इसी बीच उसकी बाईक से टक्कर हो गयी जिससे वह लहूलूहान होकर सडक पर गिर गया बाबा को जैसे ही सूचना मिली तो बच्चे को आनन फानन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरवा लाये जहाँ डाक्टरों ने हालत गम्भीर होने के कारण जिलाअस्पताल रिफर कर दिया जहाँ ईलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही दादी गुड्डी माता स्वाती दो साल की बहन काव्या का रो रोकर बुरा हाल है।

### लोकसभा चुनावः गांवों में जुड़ने लगी चौपाल,गली-नुक्कड़ पर हो रही चर्चा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लोकसभा चुनाव आते ही गांवों में चौपाल सजने लगी हैं। चुनाव की चर्चा शुरू हो गई है। किस पार्टी को वोट देंगे। इस को लेकर मंथन चल रहा है। इस बार किसकी चाल मजबूत रहेगी। इसके के लिए समीकरण गढ़े जा रहे हैं। पार्टी प्रत्याशी के बारे में चचाएं चल रही हैं। प्रत्याशियों के पूर्व इतिहास पर चचाएं होती हैं। गांव की चौपाल पर देर रात तक लोग बैठ रहे हैं। चुनाव के अलावा दूसरी चर्चा नहीं होती। पार्टियों का चुनावी एजेंडा व घोषणा पत्र क्या होगा इसको लेकर भी लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। वर्तमान सांसद डॉक्टर सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज को जहां भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनाया है वही कांग्रेस पार्टी से पार्टी से विजई पूर्व सांसद अनु टंडन को समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्यासी घोषित किया है वही बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक अपना प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है चचाओं का विषय बना हुआ है कि संभावित प्रत्याशी अशोक कुमार पांडे हो सकते हैं, चुनावी पंडित सक्रिय हो गए हैं।

प्रत्याशियों की जीत हार का गणित लगा रहे हैं। वोटों की गुणा भाग करने में जुट गए हैं। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है गांव से लेकर शहर का माहौल चुनावी रंग में रंगा है। हरजुबां पर सिर्फ चुनाव की चर्चा है। चाय की दुकान से लेकर गली के नुक्कड़ पर चुनावीकिस पार्टी का प्रत्याशी इस बार मजबूत स्थिति में है, किस प्रत्याशी की स्थिति इस बार कमजोर रहेगी। जाति वर्ग का वोट किसे जाएंगे। तमाम बिंदुओं पर चुनावी पंडित माथा पच्ची करते हुए चुनाव का गणित लगा रहे हैं।

# आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा निर्वाचन संबंधी समस्त प्रभारी अधिकारियों एवं आरओ एआरओ के साथ आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा मतदान मतगणना हेतु कार्मिकों की नियुक्ति, पोलिंग पार्टी की रवानगी, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, कंट्रोल रूम, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, लेखन सामग्री मतपेटी एवं मतपत्र व्यवस्था, पोलिंग पार्टियों हेतु वाहन एवं ईधन व्यवस्था, डाक मतपत्र व्यवस्था, वीडियोग्राफी सीसीटीवी डिजिटल कैमरा वेब कास्टिंग व्यवस्था, टेंट फर्नीचर बैरीकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था, मीडिया सेल एवं संचार आदि व्यवस्थाओं से संबंधित प्रभारी अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी लोग अपने-अपने दायित्वों को भलीभांति समझ लें तथा निर्वाचन आयोग के निर्देश/गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। कोई भी समस्या होने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से सहयोग लेकर निर्वाचन कार्य को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्व ढंग से सम्पन्न कराएं। सभी एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी आपस में समन्वय बनाकर आचार संहिता प्रभावी होने के उपरान्त लगातार भ्रमण शील रहें। प्रत्येक बूथ पर मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि कोई व्यक्ति मतदाताओं को प्रलोभन देकर या डरा धमकाकर किसी पार्टी उम्मीदवार विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करता हुआ पाया जाए तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारण करें। उन्होंने प्रभारी कार्मिक प्रशिक्षण को निर्देश दिए कि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु शेड्यूल तैयार कर बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए ताकि मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि प्रभारी स्वीप गांव-गांव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, एएसपी अखिलेश सिह, पीडी कमलेश कुमार, प्रभारी लेखन सामग्री मुकुल तिवारी, प्रभारी मीडिया सतीश कुमार आदि प्रभारी अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी, रिटर्निंग आफिसर सहाय रिटर्निंग आफिसर आदि मौजूद रहे।

# अपना दल एस ने जोन सेक्टर समीक्षा की बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस जनपद की विधानसभा के जोन हरईपुर की सेक्टर समीक्षा बैठक सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार के आवास के निकट समय लगभग 12:00 बजे जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। एन डी ए घटक दल से जो भी प्रत्याशी मैदान में आएगा उसका सभी कार्यकर्ता पूरी लगन से समर्थन करेंगे। क्षेत्र में भ्रमण कर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सभी सेक्टर अध्यक्ष अपने-अपने बूथों पर भ्रमण कर बूथ अध्यक्षों का तत्काल गठन करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के निर्देशानुसार 2024 लोकसभा चुनाव के तहत हम सबको गठबंधन धर्म ईमानदारी से निभाकर अपना वोट एन डी ए का जो भी प्रत्याशी आए हमें अपना वोट देकर विजयी बनाने का काम करना है और केंद्र में पुनः तीसरी बार एनडीए का परचम लहराना है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 400 पार के नारे को साकार करना है। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव सुधांशु कटियार, जिला सचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा, कुंवर पाल आर्य, जिला महासचिव ओमकार मौर्य, जिला अध्यक्ष आई टी सेल कन्हैयालाल आर्य,, विधानसभा उपाध्यक्ष विनोद पाल, सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, अमन शर्मा, बुलाकी प्रजापति, राज अर्कवंशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोजे का सवाब अल्लाह पाक खुद देंगे

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मुकद्दस रमजान के पहले जुमे के खुतबे में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज ने कहाकि हम बहुत खुश किस्मत है जो हमे माहे रमजान नसीब हुआ है । इस मुकद्दस महीने की कद्र करे । इस माह को रायगा न जाने दे । इस माह में ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करे और गुनाहों से तौबा करें । अल्लाह माफ करने वाला है । नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित जामा मस्जिद के इमाम व खतीब नायब शहर काजी हाफिज फिरोज ने अपने खिताब में कहाकि रोजा इनसान को मुत्तकी एवं परहेजगार बनाता है। रोजे का सवाब अल्लाह पाक खुद देंगे। इस माह में इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। रोजा रखने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। लोगों को चाहिए कि वे रोजे रख कर पूरे माह रब की इबादत करें। नायब शहर काजी ने कहा कि ईमान और अखलाक मजबूत करो । दुनिया और आखिरत में कामयाबी जरूर पाओगे । उन्होंने कहा कि जो आदमी तकवा अख्तियार करता है अल्लाह ताला उसकी मदद करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों दुनिया वालों के सामने इस्लाम की ऐसी बेहतरीन तस्वीर पेश करो । जिससे दूसरों के अंदर अहसास पैदा हो । नफरत का जवाब मोहब्बत से दो । उन्होंने कहा कि आज हमारे अंदर तमाम बुराइयां पैदा हो गई है । कौन सा ऐसा गुनाह है जो हम कर न रहे हों ! सूद हम खा रहे हैं , वादा खिलाफी हम कर रहे हैं , पड़ोसियों को परेशान हम कर रहे , दुसरो का हक हम मार रहे हैं , बेईमानी हम कर रहे हैं । इसके बाद भी हम अल्लाह से मदद की उम्मीद कर रहे हैं । हम इन तमाम बुराइयों से दूर रहे और सच्चे दिल से तौबा करे । इसके बाद अल्लाह से मदद मांगे । अल्लाह आपकी मदद जरूर करेगा । उन्होंने कहा कि हम किस्मत वाले हैं । हमें माहे रमजान नसीब हुआ है । हम पर लाजिम है कि हम माहे रमजान की की कद्र करे । दिन में रोजा रखे , नमाज पढ़े , कुरान की तिलावत करे , रातों में गुनाहों से तौबा करे और आइंदा गुनाहों से बचने का अहद करे । अल्लाह माफ करने वाला है।

# अपने अपने दल को छोड़कर सत्तारूढ़ भाजपा की ली सदस्यता

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। विपक्ष के कई कद्दावर नेताओं ने राजधानी लखनऊ सहित जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय में अपने अपने दल को छोड़कर सत्तारूढ़ दल भाजपा की सदस्यता ग्रहण की सफीपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी एवम बीएसपी को करारा झटका लगा है पाल समाज के कद्दावर नेता जिला समाजवादी पार्टी के सचिव रहे क्षेत्र के पहली खेड़ा निवासी वर्तमान में लखनऊ में रहकर व्यवसाय कर रहे मनोज पाल के नेतृत्व में जनपद की प्रभारी जिला मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार एवम क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर के सानिध्य में बड़ी संख्या में पाल समाज के लोगो जिसमे प्रधान, बीडीसी शामिल रहे लोगो ने भाजपा की राष्ट्रवादी नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की प्रमुख लोगो जिला पंचायत सदस्य सफीपुर तृतीय क्षेत्र रनर रहे ब्रज किशोर पाल,राजू पाल प्रधान सराय सकहन,रामकुमार पाल प्रधान गोदरी,राजेंद्र पाल पूर्व प्रधान,मनोज पाल पूर्व प्रधान,प्रशांत गौतम प्रधान,संतोष गौतम प्रधान रहीमाबाद,सरदार पाल पूर्व प्रधान,राम खेलावन पाल सभासद,श्याम कुमार पाल प्रधान, रामरतन पाल पूर्व प्रधान, पुरवा सहित बड़ी संख्या में पूर्व प्रधान/पूर्व बीडीसी ने भाजपा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की नीतियों में अपनी आस्था जताई आज पाल समाज के भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने में मुख्य भूमिका बांगरमऊ से विधानसभा का बीएसपी से चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि महेश पाल एवम सफीपुर ग्रामीण के प्रधान प्रतिनिधि रहे मनोज पाल की रही।

# विधायक ने पार्क का किया शिलन्यास

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव ।शुक्रवार को पं दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत नगर के वार्ड चंदीगढ़ी स्थित सवा दो बीघा भूमि पर दो करोड़ की लागत से बनने वाले पार्क का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक ने किया ।क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने पं दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत नपं क्षेत्र में सवा दो बीघा भूमि पर 2 करोड़ की लागत से पार्क का निर्माण होगा ।जिसका आज शिलान्यास किया है ।जिसमें बाउण्ड्री, तीन हाट, पाथवे, गार्ड रुम, आरसीसी व इण्टर लाकिंग रोड आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन रुपेश कुमार आनंद व अध्यक्षता मास्टर शिव प्रसाद ने किया ।मौके पर ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, प्रधान वंशराज भंवर, अधिशाषी अधिकारी संदीप कुमार, नगर अध्यक्ष रेनू गुप्ता, नपं लिपिक पंकज कुमार, कपिल कुमार, कौशलेंद्र शंकर शुक्ला, संदीप शुक्ला,चेयरमैन पति राजू गुप्ता सहित सभासद मिथलेश, अंकित साहू, विशाल विमल, ज्योति, फहीम अली, आलोक कुशवाहा, रंजीत, संजय व पदम सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद थे।



# एसपी ने 16 उप निरीक्षक 13 सिपाहियो का किया तबादला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीती देर रात पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने 29 पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर कर दिया जिसमे 16 उप निरीक्षक व 13 सिपाही शामिल हैं पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से रवानगी के दिशा निर्देश दिए गए बताया जा रहा है कि एक थाने में तैनात सिपाही का प्रार्थना पत्र के आवेदन पर दूसरे थाने में तबादला किया गया है वही चार सिपाही के शिकायत के बाद दूर थाने भेजा गया तबादला के सूची में दरोगा समेत 29 पुलिसकर्मी शामिल हैं असोहा थाना प्रभारी राजबहादुर का गैर जनपद तबादला होने पर उन्हें रवाना किया गया रवानगी के बाद कालूखेड़ा चौकी प्रभारी रामअवतार को थाना असोहा की जिम्मेदारी दी गई भगवंत नगर चौकी इंचार्ज विमल कांत गोयल को चौकी प्रभारी जाजमऊ गंगा घाट जाजमऊ चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह को भगवंत नगर चौकी प्रभारी बनाया गया है अरविंद कुमार बाथम को थाना आसीवन से थाना मौरॉवा शिवाकांत मिश्रा को थाना अजगैन से माखी शिवेंद्र प्रताप सिंह को थाना बेहटा मुजावर से बारा सगवर प्रदीप कुमार मिश्रा को थाना गंगा घाट से पुलिस लाइन जगमोहन यादव को पुलिस लाइन से थाना गंगा घाट नवीन चंद्र को थाना असोहा से थाना दही नसीमुद्दीन को थाना पूर्व से थाना बेहटा मुजावर ईश्वर दरबार को थाना सफीपुर से थाना असोहा इंद्रपाल सिंह को थाना अचलगंज से थाना माखी सूरज सिंह यादव को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी इंदेमऊ थाना बीघापुर राजकुमार को फतेहपुर 84 से थाना बिहार बलराम सिंह को पुलिस लाइन से कार्यालय क्षेत्राधिकारी नगर ज्ञान सिंह को थाना गंगा घाट से चौकी प्रभारी कालूखेड़ा थाना असोहा भेजा गया पुलिस अधीक्षक ने थाना हसनगंज में तैनात सिपाही प्रशांत यादव को थाना सफीपुर प्रमोद कुमार को थाना हसनगंज से थाना दही जयवीर सिंह को थाना माखी से थाना सोहरामऊ अशोक कुमार को थाना असीवन से थाना सफीपुर पुलिस लाइन में तैनात अनुराग अमित को थाना अचलगंज ललित किशोर को पुलिस लाइन से थाना दही आनंद कुमार को थाना औरास से थाना फतेहपुर 84 दिनेश कुमार द्विवेदी को पुलिस लाइन से थाना अचलगंज गंगा घाट कोतवाली में तैनात गिरीश कुमार को थाना बीघापुर राघवेंद्र सिंह गुर्जर को गंगाघाट से सफीपुर सचिन सिंह को थाना माखी प्रशांत सिंह को थाना बीघापुर भेजा गया अभी जनपद में बड़े पैमाने पर पुलिस कर्मियों के तबादले होंगे एक ही थाने पर जमे हेड कांस्टेबल कांस्टेबल के साथ जिले की सूची तैयार की जा रही है कुछ सिपाहियों की तैनाती के दौरान शिकायत भी है उन्हें भी चिन्हित किया जा रहा है।

# पूर्व नगर अध्यक्ष ने भाजपा की ली सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। मौरांवा की पूर्व चेयरमैन शुक्ला भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पहुंचकर शामिल हुई जहां भाजपाईयो ने खुशी जाहिर की। मौरावां नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सियावती शुक्ला आज अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर शामिल हुई जहां इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सियावती शुक्ला ने कहा कि भाजपा राष्ट्र और समाज हित में काम कर रही है भाजपा ने समाज और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की है। उन्होने बताया कि वर्ष 1991 व 1993 में मेरे पति के०डी शुक्ला को पार्टी ने विधानसभा चुनाव लड़ाया था हमारा परिवार पार्टी के सिद्धांतों का अनुसरण करता है। और सब का साथ सबका विकास से आमजन मानस संतुष्टि महसूस कर रहा है।




# पूर्व छात्र नेता ने प्रदेश कार्यालय में ली भाजपा की सदस्यता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पूर्व छात्र नेता व समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी रहे युवा नेता ने लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष व डिप्टी सी एम की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ये खबर जैसे ही उनके समर्थको को पता चली तो वो एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जय श्री राम के नारे लगाए जनपद उन्नाव निवासी सोनी सिंह परिहार छात्र नेता थे उसके बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और उन्हें समाजवादी पार्टी ने से युवजन सभा का जिलाध्यक्ष पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी लेकिन सोनी सिंह परिहार ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर आज वो भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक प्रदेश सरकार में जल संसाधन मंत्री स्वंत्रत देव सिंह के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जैसे ही ये खबर परिहार के समर्थको को मिली तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई समर्थको ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जय श्री राम के नारे लगाए।




# पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव टीकरकला में पति की किसी अन्य महिला से मित्रता होने के चलते हुए विवाद के बाद 32 वर्षीय पत्नी ने कमरे के अंदर छत में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगा जान दे दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

क्षेत्र के गांव टीकरकला निवासी पवन कुमार की शादी 11 वर्ष पूर्व अचलगंज क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी रीना के साथ हुई थी ।गुरुवार रात रीना की पति पवन कुमार से किसी महिला से मित्रता होने की बात पर दोनों में मारपीट हुई थी ।जिससे आहत होकर शुक्रवार सुबह समय लगभग 10 बजे रीना कमरे के अंदर चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया ।काफी देर तक बाहर ना आने पर जेठानी सावित्री ने दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया ना होने पर खिड़की से झांककर देखा तो रीना का शव छत में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे लटका देख दंग रह गई। खेत पर काम कर रहे पति पवन कुमार को घटना की सूचना दी गई। पवन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। पवन ने बताया कि मां बेटे सौरभ का आधार कार्ड बनवाने पुरवा गई थी ।वह पिता के साथ खेत पर था ।घर पर रीना थी ।बताया कि रीना किसी महिला के साथ मित्रता होने का शक कर लड़ाई झगड़ा करती रहती थी ।गुरुवार रात भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ था ।इसी के चलते उसने यह कदम उठा लिया ।रीना की मौत से पुत्री अंशिका ,खुशी ,परी व पुत्र सौरभ रो रोकर बेहाल रहे।

कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पति ने आत्महत्या की तहरीर दी हैं ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सई नदी के किनारे अज्ञात युवक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र सई नदी के किनारे 38 वर्षीय युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। आस पास मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी दीपक कुमार को दी मौके पर पुलिस ने आस पास गांव सहित मोहान कस्बा में मृतक युवक की शिनाख्त करने का प्रयास देर शाम करते रहे मृतक की जेब में 650 रुपए, हल्की गुलाबी कलर की शर्ट, नीले कलर का लोवर ,सहित डार्क पिंक कलर का शाल गले में पड़ा हुआ था। मोहान चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि अज्ञात शव मिला है, शिनाख्त के लिए आस पास गावो में प्रयास किए गए लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सका, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## स्वयं सेवकों ने मंदिर प्रांगण की साफ सफाई

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर सदानन्द राय की अध्यक्षता में व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में द्वितीय दिवस का प्रारम्भ योगासन द्वारा किया गया। तदोपरान्त सभी स्वयं सेवको द्वारा नगर के मोहल्ला सैय्यदबाड़ा से ₹स्वच्छता ही सेवा है, गन्दगी जान लेवा है, स्वच्छता को अपनाएंगेधरा को खूबसूरत बनायेंगे, हर नागरिक का एक ही सपना स्वच्छ बने भारत अपना, स्वच्छता को अपनाये, बीमारी दूर भगायें आदि नारे लगाते हुये बाबा बोधेश्वर मंदिर पहुचे। स्वयं सेवको ने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डिजिटल इण्डिया विषय पर स्वयं सेवको को कंप्यूटर एवं स्मार्टफोन प्रयोग की जानकारी दी गई ।साथ ही सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं वेबसाइटों की भी जानकारी दी गयी। डॉ0 अभय राजपूत द्वारा सभी स्वयं सेवको को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए निर्देशित किया गया । सोशल मीडिया एकांउट पर राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रचार-प्रसार पोस्टर टैग के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राध्यापिका सविता राजन उपस्थित रही। अंत में कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी ने सभी को धन्यवाद किया।

## स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरों पर दिखी खुशी की झलक

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। वर्तमान सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को बढ़ावा देने के लिए स्मार्टफोन का शुभारंभ किया गया जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तत्वावधान में समूचे प्रांत के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अनवरत प्रदान किया जा रहे हैं जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत संचालित राम सजीवन चंदा देवी बालिका महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्रबंधक राजेन्दर सिंह पटेल के तत्वावधान में 176 बच्चों को स्मार्टफोन वितरित किए गए वितरण कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि के रूप में सहखंड विकास अधिकारी विनोद कुमार विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राम सजीवन वर्मा के साथ मिलकर विद्यालय परिवार ने बच्चों को स्मार्टफोन प्रदान किया स्मार्टफोन प्रकार विद्यालय की छात्रा मंजू देवी राखी देवी रासिका श्वेता सिंह शिवानी उपासना चित्रा सैनी आदि सभी 176 छात्राओं के चेहरे खिल उठे इस मौके पर आर्य कुमार पाण्डेय विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्य महाविद्यालय के शिक्षक तथा भारी संख्या में छात्राएं मौजूद रही

# प्रतिबंधित पेड़ काटने पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बिना परमीशन के 06हरे महुआ के पेड़ काटने को खबर वायरल होने पर वन दरोगा जब तक मौके पर पहुंचे तब तक लकड़ी गायब हो गई वन दरोगा बाग मालिक व एक ठेकेदार के खिलाफ बन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बिहार के अंतर्गत बिहार से बक्सर मार्ग के किनारे सुमेरपुर में हरे महुआ के बिना परमीशन पेड़ कट रहे थे जिसको लेकर कुछ खबरें ग्रुपों में वायरल होने लगीं तब प्रशासन हरकत में आया वन दरोगा सुमेरपुर राम बहादुर जब तक मौके पर पहुंचते तब तक लकड़ी मौके से गायब हों गई दरोगा को केवल 06महुआ के ताजे ठूठ मिले पेड़ के ताजे हरे पत्ते मिले वन दरोगा ने बाग मालकिन कमला देवी पत्नी शिव सुंदर शुक्ला निवासी सुमेरपुर ठेकेदार सुभाष पुत्र गौरी शंकर निवासी महराज खेड़ा के खिलाफ थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने पेड़ मालिक व ठेकेदार के खिलाफ वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

चिंतन

# अपनी हद में ही रहे चीन सीमा पर बखेड़ा न करे

अरुणाचल प्रदेश के पीएम मोदी के दौरे पर आपत्ति जताना चीन को बंद करना चाहिए। यह हिमाकत है और इसें भारत कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। ड्रैगन अपनी हद में रहे व सीमा पर बार बार बखेड़ा न करे। लद्दाख में भारत च चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष के बाद से शुरू तनाव के चलते पिछले चार वर्ष से भारत व चीन के रिश्ते तल्ख बने हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ठीक ही कहा है कि 'इस तनाव से दोनों मुल्कों को क्या हासिल हुआ?' भारत ने हमेशा शांति व दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन चीन ने हमेशा दगा ही किया। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की हालिया यात्रा पर चीन की आपत्ति को दृढ़ता से खारिज करते हुए कहा कि राज्य हमेशा भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा "था, है और रहेगा।" विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि चीनी पक्ष को कई अवसरों पर इस "अडिग रुख" से अवगत कराया गया है। भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश के इस प्रकार के दौरों या राज्य में भारत की विकासात्मक परियोजनाओं पर आपत्ति जताने का कोई औचित्य नहीं है। भारत क्षेत्र पर अनर्गल दावे के मामले में चीन को अपनी हद में ही रहना चाहिए, बार बार झूठ बोलने से अरुणाचल का सच नहीं बदल जाएगा। अभी पिछले सप्ताह ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था। चीन ने इस इलाके का नाम जैंगनान रखा है, जबकि चीन को ऐसा करने का कोई हक नहीं है। इससे पहले तीन बार अरुणाचल के क्षेत्रों के नए नाम रखे हैं। लंबे समय से एलएसी पर भारत व चीन के बीच तनाव है, चीनी सैनिक कभी भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से घुस आते हैं, कभी चीनी सरकार भारतीय क्षेत्र को अपना बताने लगते हैं। चीन ने कभी भी मैकमोहन रेखा का सम्मान नहीं किया है। भारत और चीन के बीच विवाद की प्रमुख वजह 3500 किमी लंबी सीमा रेखा है। इसे मैकमोहन लाइन कहते हैं। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद की शुरुआत 1912 तक तिब्बत और भारत के बीच सीमा रेखा नहीं होने की वजह से हुई थी। मैकमोहन लाइन 109 साल पहले 1914 में हुए उस शिमला समझौते के बाद खींची गई थी, जिसमें ब्रिटिश भारत, चीन और तिब्बत अलग-अलग शामिल हुए थे। उस समय भारत को तिब्बत के बीच भी 890 किमी की सीमा रेखा का बंटवारा हुआ था। खास बात ये है कि इस समझौते में तवांग को भारत का हिस्सा माना गया था। पर इस समझौते को चीन नहीं मानता। समझौते के दौरान चीन के प्रतिनिधियों ने तत्काल मैप पर हस्ताक्षर कर दिए थे। तिब्बत ने भी एक संप्रभु देश के तौर पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन बाद में जब डिटेल मैप तैयार किया गया तो चीन हस्ताक्षर करने से पीछे हट गया। समझौते का रिकॉर्ड न होने की वजह से चीन अनावश्यक दावा करता रहता है। अब चीन दावा करता है कि भारत और चीन के बीच कोई सीमा बंटवारा नहीं हुआ। चीन तिब्बत के साथ हुए सीमा समझौते को भी इसलिए नहीं मानता क्योंकि चीन का दावा है कि तिब्बत कोई संप्रभु देश नहीं है जो सीमा बंटवारे पर हस्ताक्षर कर सके। 1962 में चीन ने भारत से युद्ध जीत लिया, लेकिन फिर भी वह भारत के कब्जा वाले इलाकों से पीछे हट गया, हालांकि तब से वह अक्साई चिन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को अक्साई चिन से अवैध कब्जा हटाना चाहिए, भारत के पीओके वाले क्षेत्र से अपना अवैध निर्माण बंद करना चाहिए और भारत के क्षेत्रों पर अनर्गल दावा नहीं करना चाहिए। शांति, आपसी भरोसे से ही सहअस्तित्व पर आधारित विकास संभव है।



विचार

अरुण साव, उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# अब दूर नहीं विकसित छत्तीसगढ़ की राह

> आज हमारी सरकार को तीन महीने पूरे हुए। अभी स्कूलों में वार्षिक इम्तहान चल रहे हैं लेकिन विष्णु देव साय सरकार की तिमाही परीक्षा हो चुकी है। छत्तीसगढ़ को संवारने का वादा जनता से मोदी जी ने किया था और हमारी तिमाही परीक्षा का मूल्यांकन भी उन्होंने ही किया। काशी से उन्होंने हमारी सरकार को आशीर्वाद दिया और महतारी वंदन योजना की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं को अंतरित करते समय उन्होंने कहा कि इतने कम समय में मोदी की गारंटी पर काम हुआ।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने काम करना आरंभकर दिया है। इस थोड़ी सी ही अवधि में सरकार ने न केवल मोदी जी की गारंटी के अनुरूप अनेक वायदों को पूरा कर दिया है, अपितु विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के विजन को लेकर भी कार्य आरंभ कर दिया है।

आज हमारी सरकार को तीन महीने पूरे हुए। अभी स्कूलों में वार्षिक इम्तहान चल रहे हैं लेकिन विष्णु देव साय सरकार की तिमाही परीक्षा हो चुकी है। छत्तीसगढ़ को संवारने का वादा जनता से मोदी जी ने किया था और हमारी तिमाही परीक्षा का मूल्यांकन भी उन्होंने ही किया। काशी से उन्होंने हमारी सरकार को आशीर्वाद दिया और महतारी वंदन योजना की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं को अंतरित करते समय उन्होंने कहा कि इतने कम समय में मोदी की गारंटी पर काम हुआ।

इस साल का बजट विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को मूर्त रूप देने की भावना से ही तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ के परिवेश के मुताबिक इसके लिए विजन प्लान तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ तभी आगे बढ़ेगा जब सरगुजा और बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्र विकास के साथ कदमताल करेंगे। बस्तर में नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से नक्सली आतंक झेल रहे सबसे अविकसित गांवों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियों जैसी सुविधा दे रहे हैं। तेंदूपत्ता बोनस की राशि साढ़े पांच हजार रुपए कर दी गई है। बस्तर में वनोपजों को बढ़ावा देने के साथ ही यहां के परिवेश के अनुकूल इको टूरिज्म और नैचुरोपैथी आदि को बढ़ावा दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में इकानामिक कारिडोर बनाकर छत्तीसगढ़ में विकास की ठोस नींव रखी जाएगी। यह इकानामिक कारिडोर नेशनल हाईवे से जुड़े क्षेत्रों में बनाये जा रहे हैं। मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ में शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर दिया है और इसकी नींव पर साय सरकार विकास की ठोस इमारत तैयार करेगी। दो दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री ने नया रायपुर में आईटी कंपनियों से फर्निश्ड बिल्डअप एरिया देने का समझौता किया। मुख्यमंत्री श्री साय का विजन रायपुर-भिलाई को बंगलूरू और हैदराबाद की तरह ही आईटी हब के रूप में स्थापित करने का है। छत्तीसगढ़ की सुखद आबोहवा, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति और साय जी के कुशल नेतृत्व में यह क्षेत्र निश्चित रूप से बड़े आईटी हब के रूप में उभरेगा।

साय सरकार का बड़ा जोर पूंजीगत व्यय पर है। हम अधोसंरचनाओं पर तेजी से काम कर रहे हैं। अगले पांच सालों में छत्तीसगढ़ की सूरत पूरी तरह से निखरी नजर आयेगी। छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया है और विजन डाक्यूमेंट भी बनाया जा रहा है। जब कारगर रणनीति होती है, पक्का इरादा होता है लक्ष्य पूरा करने रात-दिन मेहनत होती है और जनसरोकारों के प्रति गहरी संवेदनशीलता होती है तो सुखद परिणाम जरूर मिलते हैं।

इन तीन महीनों में हमने पिछले सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में फैलाई गई भयानक अराजकता को समाप्त करने की दिशा में काम किया है। शपथ लेने के अगले ही




दिन हमने 18 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवास स्वीकृत कर दिए। घर का सपना किसी व्यक्ति के जीवन का सपने बड़ा सपना होता है लेकिन संवेदनहीन कांग्रेस सरकार ने गरीबों की कोई सुध नहीं ली थी। अपने करीबी रिश्तेदारों में पीएससी के पदों की बंदरबांट कर इस सरकार ने लाखों युवाओं के सपनों को बेदर्दी से कुचल दिया था। युवा तत्कालीन सरकार से आग्रह करते रहे, सीएम हाउस में शिकायतों की अंबार लग गई लेकिन सरकार का रटारटाया एक लाइन का उत्तर आता था, शिकायत मिली तो जांच कराएंगे। साय सरकार ने इस मामले की सीबीआई जांच के निर्देश दिए। बिरनपुर हिंसा में पीड़ति परिजनों की सुध लेने पिछली सरकार में कौन गया था, उन्हें न्याय दिलाने की जिम्मेदारी साय सरकार ने ली और सीबीआई जांच के निर्देश दिए।

साय सरकार ने तीन महीने में ही अन्नदाताओं से किये वायदे निभाये। दो सालों के बकाया बोनस की 3716 करोड़ रुपए की राशि 13 लाख से अधिक अन्नदाताओं के खाते में डाली। 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी के साथ ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी भी की। शेष राशि का अंतरण भी अन्नदाताओं के खाते में किया जा रहा है। अन्नदाताओं के संतोष के चलते इस बार 145 मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी प्रदेश में की गई है।

प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को मोदी जी ने महतारी गारंटी के अंतर्गत एक हजार रुपए प्रति महीने देने का वायदा किया था। तीन महीने के भीतर ही साय सरकार ने बहनों के खाते में यह स्नेह राशि भेज दी है। लाखों महिलाओं के चेहरे पर जो मुस्कान और आत्मसम्मान का भाव इस अवसर पर पूरे देश ने देखा, वो अभिभूत करने वाला था। यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति है। हमारी तीजत्योहारों की परंपरा में भाई बहनों को स्नेह राशि देते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने बड़े भाई की तरह ही अपनी लाखों बहनों का ध्यान रखा है। इतने कम समय में लाखों बहनों से आवेदन प्राप्त करना, इसकी स्क्रीनिंग करना और खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेज देना मिशन मोड में किया गया काम था जो साय सरकार की सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है।

जब दुनिया डिजिटल गवर्नेंस की ओर जा रही है और भारत इसका सिरमौर है तब पिछली कांग्रेस सरकार ने इससे उलट कारनामा करते हुए आनलाइन पद्धतियों की बजाय मैनुअल पद्धतियों को लागू कर दिया। सिंडिकेट को प्रश्रय देते हुए पिछली सरकार ने स्पंज की तरह छत्तीसगढ़ के संसाधनों को सोखते हुए कुछ अपने हिस्से में निचोड़ते हुए शेष को दिल्ली दरबार में निचोड़ दिया।

हमारी सरकार मनसा, वाचा, कर्मणा के सिद्धांत पर चलती है। जो कहा है वो करते हैं। सरकार का सब कुछ पारदर्शी है। श्री साय ने खनिज विभाग में आनलाइन पद्धति पुनः लागू कर दी। उन्होंने सभी विभागों में लीकेज बंद करने के लिए डिजिटल टेक्नालाजी को बढ़ावा दिया और इसके लिए बजट में 266 करोड़ रुपए रखवाये। ई-गवर्नेंस के हर स्तर पर लागू होने से विभागीय गड़बड़ियों पर स्वतः ही लगाम लगेगी।

साय सरकार ने बीते तीन महीनों में कड़े निर्णय लेकर जनसरोकारों के प्रति अपनी स्पष्ट प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इन निर्णयों के साथ ही अगले पांच सालों में प्रदेश की जीएसडीपी को पांच लाख करोड़ से दस लाख करोड़ करने की दिशा में काम हो रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के लिए रोडमैप तैयार कर लिया गया है और इसके अनुरूप ही कार्य हो रहा है। इस रोडमैप की बारीकियां नवंबर में आने वाले विजन डाक्यूमेंट में नजर आयेंगी। छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय हुआ है और निश्चित ही इससे प्रदेश के करोड़ों लोग आशा की इस नई किरण से जगमग हैं।

मोटापा

विक्रम यादव



# नियमित कसरत दिलाएगी निजात

हमारे समाज में एक आम-राय बनी हुई है कि अगर उनका बच्चा दिखने में हेल्दी है तो वह फिट है, लेकिन ऐसा नहीं होता। हो सकता है कि वह ओवरवेट या मोटापे का शिकार हो। चाइल्डहुड ओबेसिटी यानी बचपन में मोटापा एक गंभीर चिकित्सीय स्थिति है जो बच्चों और किशोरों को प्रभावित कर रही है। यह तब होता है जब किसी बच्चे का वजन उसकी उम्र और ऊंचाई के हिसाब से सामान्य से काफी अधिक होता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों के मोटापा को एक बीमारी माना है। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2022 के मुताबिक 2030 तक भारत में 2.7 करोड़ बच्चे मोटापे से पीड़ित होंगे। इनमें 5 से 9 साल के 1.2 करोड़ बच्चे भी शामिल होंगे। अगर बच्चों में मोटापा हो तो आगे चलकर हार्ट की बीमारी और डायबिटीज का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। हाल ही में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' ने एक मोटापे से ग्रस्त आबादी पर एक रिसर्च रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट के वैश्विक विश्लेषण के मुताबिक दुनियाभर में ओबेसिटी यानी मोटापे की बीमारी से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक अरब से अधिक हो गई है। ब्रिटेन के इंपीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर माजिद इज्जती अपने शोध पत्र में कहते हैं कि यह बहुत चिंताजनक है कि मोटापे की महामारी जो 1990 तक दुनिया के अधिकतर हिस्सों में केवल वयस्कों में साफ नजर आती थी, अब स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों में भी स्पष्ट दिखाई देती है, जबकि ग्लोबल स्तर पर 33 वर्षों की अवधि के दौरान सामान्य से कम वजन से जूझ रहे वयस्कों का अनुपात आधे से भी कम हो गया है। यह अध्ययन कुपोषण के दोनों रूपों से संबंधित वैश्विक रुझानों की विस्तृत तस्वीर पेश करता है। दरअसल, मोटापा एक बहुआयामी दीर्घकालिक स्थिति है जिसके कई कारण हैं, इनमें जैविक जोखिम कारक, सामाजिक आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य साक्षरता और कई पर्यावरणीय प्रभाव शामिल हैं। विशेष चिंता का विषय बच्चों और किशोरों में मोटापे की बढ़ती दर है, हालिया शोध बताते हैं कि दुनियाभर में युवाओं में मोटापे की दर पिछले तीन दशकों के भीतर तीव्रता से बढ़ी है। ऐतिहासिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं में अन्य समूहों की तुलना में मोटापे की दर अधिक होती है। किशोर अक्सर कुछ खाद्य समूहों और पोषक तत्वों के सेवन की सिफारिशों को पूरा नहीं करते हैं, जिससे मोटापे का खतरा बढ़ सकता है। क्रोनिक कार्डियोमेटाबोलिक रोग के लक्षण आमतौर पर वयस्कों में देखे जा रहे हैं, जैसे उच्च रक्तचाप, हाइपरग्लेसेमिया, डिस्लिपिडेमिया और सूजन, मोटापे से ग्रस्त किशोरों में तेजी से आम हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, मोटापे और मनोसामाजिक स्वास्थ्य के बीच गतिशील अंतर्संबंध है, क्योंकि मोटापे से ग्रस्त किशोरों में तनाव का स्तर बढ़ सकता है। किशोर मोटापे को कम करने और रोकने के लिए, सिद्धांत-संचालित मल्टीकंपोनेंट स्कूल और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन का सुझाव दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के वैश्विक डेटा के विश्लेषण के मुताबिक दुनियाभर में बच्चों और किशोरों में 2022 में मोटापे की दर 1990 के मुकाबले चौगुनी आंकी गई है। हाल ही में दिल्ली में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार राजधानी के प्राइवेट स्कूलों के 45 फीसदी और सरकारी विद्यालयों के 7 प्रतिशत बच्चे ओबेसिटी से ग्रस्त हैं। हैरत की बात यह है कि देश के ग्रामीण-क्षेत्रों के स्कूली बच्चों में भी ओबेसिटी देखने को मिल रही है। चिंता की बात यह है, और स्कूल में कार्यरत होने की वजह से लेखक का निजी अनुभव भी है कि मोटापे की वजह से स्कूली बच्चे कम उम्र में ही हाई-ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, हृदय-रोग, अस्थमा और थॉयराइड की बीमारियों से जूझ रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि एक-दो दशक पूर्व इस जेनरेशन की पहचान दुबले-पतले और फुर्तीले स्टूडेंट्स के रूप में होती थी, आज वो लिथॉर्जिक व थुलथुल क्यों होते जा रहे हैं। कुछ अध्ययन यह दावा करते हैं कि मौजूदा दौर में भारत के 36 करोड़ 40 लाख किशोर व नौजवान स्मार्ट गैजेट्स पर हद से ज्यादा व्यस्त रहते हैं और फिजीकल वर्क-आउट से परहेज करते हैं। बहरहाल, पर्याप्त फिजीकल वर्क-आउट का अभाव निजी तौर पर हमारे स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित

दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित

प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आजीविका का प्रश्न घोषणापत्रों में शामिल हो

जल्द ही लोकसभा चुनावों की घोषणा होने वाली है। चुनावों के लिए सभी पार्टियां घोषणापत्र भी जारी करेंगी। यह दुख का विषय है कि सभी दल मुफ्त की रेवडियां तो बांट रहे हैं, लेकिन युवाओं के लिए स्थायी रोजगार का वादा कोई भी दल नहीं करता है। आजीविका का यह प्रश्न घोषणापत्रों में शामिल होना चाहिए। आने वाली सरकार को युवाओं को रोजगार देना चाहिए, चाहे वह सरकारी क्षेत्र में हो या प्राइवेट सेक्टर में। इसके बदले बेरोजगारी भत्ते की खैरात बांटना उचित नहीं है। अभी तक आजीविका का प्रश्न राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांतों में शामिल है, लेकिन उसे मौलिक अधिकार आज तक नहीं बनाया गया। - **राजेश जैन**, धमतरी

## ट्रेंड

### महिलाओं से भेदभाव न हो



महिलाओं के प्रति भेदभाव सहस्राब्दियों से चला आ रहा है और भारी प्रगति के बावजूद, पितृसत्ता अभी भी ख़त्म नहीं हुई है। यह फिर से जमीन हासिल कर रहा है। हम इसे वापस नहीं लाना चाहते। हम इसे वापस करना चाहते हैं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मुद्दों का समाधान नहीं



दस साल देश पर राज करने के बाद ऐन चुनाव के पहले मोदी सरकार सीएए लेकर आई है। ऐसे वक़्त जब गरीब महंगाई से कराह रहा है और युवा रोज़गार के लिए दर दर भटक रहा है, उन मुद्दों का समाधान करने की बजाय ये लोग सीएए लाए हैं।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### कुर्सी बचाने के लिए



घर में नहीं दाने 'चतुर चाचा' चले भुनाने। अपने देश में युवाओं को काम नहीं, किसानों को फसल का दाम नहीं और चले हैं। पड़ोसी देश के लोगों को नागरिकता देने। चुनाव से ठीक पहले नागरिकता क़ानून लागू कुर्सी बचाने के लिए किया गया है।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

### ऋषभ पंत को मंजूरी



ऋषभ पंत को आईपीएल में खेलने की मंजूरी मिल गई है, यह एक अद्भुत खबर है। इस स्तर पर, मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि वह कैसा खेलता है, वह फिर से मैदान पर है, यह अपने आप में एक आशीर्वाद है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

## करंट अफेयर

### अमेरिका में ग्रीन कार्ड आवेदकों की संख्या बढ़ी




अमेरिका में एक आव्रजन शिखर सम्मेलन के दौरान डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों दलों के प्रतिष्ठित सांसदों ने 'ग्रीन कार्ड' आवेदनों की बढ़ती संख्या पर तत्काल ध्यान देने का आह्वान किया है, जिससे भारतीय पेशेवरों और एच-1बी वीजा से संबंधित मुद्दे प्रभावित हो रहे हैं। 'फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा' (एफआईआईडीएस) द्वारा सोमवार को वाशिंगटन में आयोजित अपनी तरह के पहले 'टेक इमिग्रेशन समिट' में, विशेष श्रेणियों में विदेशी कामगारों को ग्रीन कार्ड या कानूनी स्थायी निवास जारी करने के मामले में प्रति देश सात प्रतिशत की निर्धारित सीमा हटाने पर जोर दिया

## ऑफ बीट

### स्वदेशी अग्नि प्रबंधन 11,000 साल पुराना



जंगल की आग से दुनियाभर में हर साल 39 लाख 40 हजार से 51 लाख 90 हजार वर्ग किलोमीटर भूमि जलती है। यदि यह क्षेत्र एक देश होता, तो यह दुनिया का सातवां सबसे बड़ा देश होता। ऑस्ट्रेलिया में, सबसे अधिक आग देश के उत्तर के विशाल उष्णकटिबंधीय सवाना में लगती है। नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित नए शोध में, हम दिखाते हैं कि इन क्षेत्रों में आग का स्वदेशी प्रबंधन कम से कम 11,000 साल पहले शुरू हुआ था - और संभवतः 40,000 साल पहले तक था। अग्नि और मनुष्य ग्रह के अधिकांश हिस्सों में, आग ने हमेशा कार्बन चक्र, पौधों के वितरण, पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता पैटर्न को अधिक प्रभावित किया है।

## संक्षेप

### सुलतानपुर में रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**चेहरे में मिले चोट के निशान, बहन ने जमीन विवाद में हत्या का लगाया आरोप**

सुलतानपुर, सुलतानपुर में लखनऊ-वाराणसी रेलवे ट्रैक पर बेदूपारा के पास युवक का संदिग्ध परिस्थितयों में शव मिला। मृतक की बहन ने पुलिस में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक कि पत्नी और बच्चे मुंबई में रहते हैं। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जखनीकला निवासी संतोष यादव (42) का शव मंगलवार को लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर लंभुआ कोतवाली के बेदूपारा में मिला। उसके चेहरे पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम और लंभुआ कोतवाली की टीम पहुंची। स्थलीय निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी व चार बच्चे मुंबई में रहते हैं। इनमें तीन लड़के और एक लड़की है। वहीं, मृतक की बहन लीलावती निवासी बेलाही ने घटना को लेकर पुलिस में नामजद तहरीर दी है। उसका आरोप है कि भाई का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसके गांव के रामनाथ यादव, संजय यादव, आदित्य यादव आदि ने भाई को रास्ते से उठाकर घर ले गए और हत्या करके शव जंगल में फेंक दिया। इस मामले में सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### अयोध्या में पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार

**शराब के पैसे ना देने पर पत्नी कुल्हाड़ी से काटकर की थी हत्या**

अयोध्या, अयोध्या के गोसाईगंज कोतवाली इलाके के देवापुर मजरे गंगापुर में पत्नी की काट कर हत्या करने वाले पति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पति ने शराब के पैसे नहीं देने पर पत्नी की कुल्हाड़ी व चाकू से काटकर सोमवार को हत्या कर दिया था। पुलिस ने जिसे जेल भेज दिया है। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी अरुणकुमार सिंह ने बताया गंगापुर गांव निवासी अमितकुमार सिंह उर्फ सोनू ने शराब के लिए पैसे ना देने पर दिनदहाड़े अपनी पत्नी गोल्डी सिंह की कुल्हाड़ी व चाकुओं से काट कर हत्या कर दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पत्नी गोल्डी को मया सीएचसी भिजवाई जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । गोल्डी के भाई दिवाकर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में लगी हुई थी, जिसे सोमवार की ही रात्रि आठ बजे बिंदेश्वरी नगर के तिराहे से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# ...जब एक बुर्जुग महिला को देख गाड़ी से उतर पड़ी डीएम

- पूछा, माता जी कहां जा रहीं हैं, चलिए गाड़ी से घर पहुंचा दूं
- डीएम की मानवीय संवेदना देखकर हैरान हुए ग्रामवासी

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**



बहराइच। विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम धरसवां में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम की पेयजल परियोजना के निरीक्षण हेतु जाते समय डीएम मोनिका रानी ने देखा की एक वृद्ध महिला लाठी के सहारे एक बच्ची के साथ खरामा-खरामा गांव की ओर जा रहीं है। यह नजारा देख कर डीम ने तत्काल अपनी गाड़ी को रूकवाया और नीचे उतर कर बुजुर्ग महिला का कुशलक्षेम जानते हुए पूछा माता जी कहां जा रही है, आपको पेंशन मिल रही है या नहीं। बुजुर्ग महिला फूलमती ने बताया कि उसे पेंशन मिल रही है और वह नातिन के साथ घर जा रही है। डीम ने कहा कि माता जी चलिए मैं अपनी गाड़ी से आपको घर छोड़ दूं। यह बात सुनकर वह एक बेटी, बहन, पत्नी, माता, नानी, दादी के किरदार में रंग भरते हुए बेशक कमर तो झुक गई है लेकिन हौसला आज भी चट्टान की तरह अडिग है, मुस्कुराते हुए डीएम को ढेरों दुआएं दी और विनम्रता के साथ कहा कि बेटी में पैदल ही अवने घर चली जाऊंगी। चलते चलते डीएम ने वृद्ध महिला से कहा कि आगामी लोकसभा के निर्वाचन में मतदान अवश्य करियेगा।

### पुराविज्ञान संस्थान की वैज्ञानिक ने किया वनस्पतिक सर्वेक्षण

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। वर्तमान वनस्पति सर्वेक्षण को लेकर बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान लखनऊ की वैज्ञानिक डॉक्टर ने अब्दुल्लागंज वन रेंज पहुंच कर वनस्पतिक सर्वेक्षण किया और कई जानकारियां जुटायी। बीते शुक्रवार को बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा अब्दुल्लागंज रेंज में छपरतली तालाब में वर्तमान वनस्पति सर्वेक्षण और पुराजलवायु के सैंपल लिए गए। इस दौरान बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान की वैज्ञानिक डॉक्टर अंजली त्रिवेदी द्वारा अब्दुल्लागंज के विभिन्न क्षेत्रों का वनस्पतिक सर्वेक्षण किया गया और महत्त्वपूर्ण जानकारियां जुटायी गयीं। जलवायु परिवर्तन का वनस्पतियों और मृदा पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, इसका अध्ययन करने हेतु संस्थान वैज्ञानिक डॉक्टर अंजली त्रिवेदी द्वारा सैंपल भी इकट्ठे किए गए। इस अवसर पर अब्दुल्लागंज वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू सहित डिप्टी रेंजर शंभू यादव, वन दरोगा सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जी बी हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**250 मरीजों का हुआ परीक्षण, 71 लोगों को ऑपरेशन के लिए किया गया भर्ती**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज में जी०बी० हॉस्पिटल पर समाजसेवी डॉ अरविन्द सिंह द्वारा एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घघाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने फीता काटकर किया और अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा समाज की अन्य सभी सेवाओं से सर्वोपरि है और इसका लाभ गाँव, गरीब, वंचित लोगों को मिले तो अति उत्तम है। जी बी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अरविन्द सिंह ने बताया की शिविर में 250 लोगों का परीक्षण कर 71 लोगों को ऑपरेशन के लिए हॉस्पिटल ने भर्ती किया गया। यह कार्य सीतापुर के डॉ मुकुल गुप्ता, वृजेंद्र सिंह कैम्प मैनेजर, ज्ञानेस गुप्ता रोशनी, दीप्ति, हमजा, अनिल आदि मेडिकल टीम के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विशेन, प्रमोद गुप्ता, बुद्धि सागर गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, पवन वर्मा, शशि भूषण सिंह प्रधान वेद प्रकाश सिंह, अजय सिंह ओम प्रकाश अवस्थी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधानसभा कार्यालय का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार/फैजान**



कैसरगंज, बहराइच। शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने लोकसभा संयोजक इकबाल बहादुर तिवारी व लोकसभा प्रभारी संजय कैरती ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी तथा आम जनमानस का राम राज्य का सपना भी साकार होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरे मनोरोग से जुट जाएं। जिससे भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचा जा सके। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कार्यालय का पूरे विधि विधान व पूजन अर्चन के साथ शुभारंभ किया गया। इस मौके पर लोग विधानसभा प्रभारी पवन तिवारी, विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, पवन वर्मा, शशि भूषण सिंह, मनोज पांडे, प्रदीप पांडे, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, डा0 अरविंद सिंह, सीताराम पांडे, बुद्धि सागर गुप्ता, प्रभात सिंह, भगवान दास सोनी, शिवानंद सिंह, गजेंद्र सिंह, राम सतीश वर्मा, रोहित अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने जांची परिषदीय स्कूलों की जमीनी हकीकत

**परिषदीय स्कूलों की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए बीईओ तजवापुर**

**अमन लेखनी समाचार/विनोद जायसवाल**



बहराइच। शुक्रवार को जनपद बहराइच के विकास खण्ड तजवापुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा पूरे दिन ब्लाक में औचक अनुश्रवण करते हुए देखे गए। श्री वर्मा के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, मिजार्पुर, महरी, लाला पुरवा, प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर, नेवादा प्रथम, द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय बौंडी फतेउल्लापुर सहित अन्य दर्जनों विद्यालयों का अनुश्रवण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में बूथों पर होने वाली सभी औपचारिकताओं के साथ साथ उन्नीस पैरा मीटर पर विशेष ध्यान केंद्रित रखा। अनुश्रवण के अवसर पर कुछ छिटपुट कमियों पर प्रधानाध्यापको का ध्यान आकर्षित कराते हुए अति शीघ्र ही कमियों को पूर्ण कर भारत निर्वाचन आयोग में सहयोग प्रदान करने की बात कहीं। इस अवसर पर अब्दुल रहमान, हफीजुर्रहमा, सूफिया वेगम, कंचन गुप्ता, रेनू मौर्या, शबा, अल्फिया बानो, सुरेश कुमार, सरिता गुप्ता, राधेश्याम, शाहीन परवीन, शिवांगी शर्मा, अनिल वर्मा, नीलम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण सकुशल संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के परिषदीय विद्यालय के नोडल शिक्षकों का समेकित शिक्षा के तहत बीआरसी मुख्यालय (बाबागंज) पर चल रहे पांच दिवसीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने दिव्यांग बच्चों के पठन-पाठन में आने वाली समस्याओं व समाधान पर चर्चा की। इसमें दृष्टि बाधित, श्रवण विकलांगता, मानसिक विकलांग बच्चों को पठन पाठन में आने वाली चुनौती पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में सामान्य बच्चों के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों के पढ़ने के तौर तरीके शिक्षकों को बताए गए। दिव्यांग बच्चों के सुगम वातावरण एवं शिक्षण विधियां, समर्थ ऐप, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन आदि की जानकारी दी गई। स्पेशल एजुकेटर अशोक कुमार, विनोद कुमार व अरुण कुमार ने प्रशिक्षणरत शिक्षकों विभिन्न जानकारिया साझा की। इस मौके पर वैभव सिंह विशेन, विनय सिंह, विवेकानंद पाठक, जितेंद्र बहादुर, राजेश कुमार, रविंद्र सिंह, अरविंद कौल, सत्यभानु, आदि उपस्थिति रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बड़े भाई की मौत, छोटा घायल

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज मार्ग स्थित पचोड्डा रानीगंज गांव के पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात वाहन के बाइक में टक्कर मारने से बड़े भाई की मौत और छोटा जख्मी हो गया। हादसा उस समय हुआ जब बड़ा भाई अपनी बेटी की सास के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए बीघापुर थाना क्षेत्र के कटरा गांव जा रहे थे। जख्मी छोटे भाई की हालत नाजुक देख सीएचसी डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के पोटरिहा गांव के रहने वाले तपेश्वर का पैंतालीस वर्षीय बेटे आनंद की बेटी की सास की शुक्रवार को तेरहवीं थी। जिसके चलते आनंद अपने छोटे भाई अजीत के संग बाइक से बीघापुर थाना क्षेत्र के कटरा गांव तेरहवीं में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी दरम्यान अचलगंज थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज मार्ग स्थित पचोड्डॉ रानीगंज गांव के पास दोपहर विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के बाइक में टक्कर मारने से दोनों सगे भाई जख्मी हो गए। हादसे के समय बाइक अजीत चला रहा था। हादसा देख जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाते। तभी आनंद ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। उसके बाद लोगों ने जख्मी अजीत को उपचार के लिए अचलगंज सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक आनंद अपने पीछे पत्नी माधुरी के अलावा तीन बेटियों को छोड़ गया है। बेटियों में पूजा व प्राची अभी अविवाहित है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा।

# विशिष्ट देव पूजन के साथ प्रारंभ हुआ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। माता भगवती कुंज आश्रम परसेंडी मे 51 मुख्य यजमानों ने सपत्नीक विशिष्ट देवो का पूजन कर गायत्री महामंत्र के साथ आहुतियां डालकर लोक कल्याण की कामना की। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्याम बिहारी दुबे जी ने वैदिक मंत्रों की संगीतमय धुन के साथ यज्ञ के महत्व के बारे में बताते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराया।

मुख्य यजमान के रूप में प्रमोद कुमार सिंह एडवोकेट, विपिन कुमार वर्मा, कौशलेंद्र चौधरी, राघव सिंह प्रधान, रामेंद्र चौधरी, अनुराग सिंह, राजमणि त्रिपाठी, प्रहलाद चौधरी, राम गोपाल वर्मा, आदर्श सिंह सहित सैकड़ो लोगों ने सपत्नीक यज्ञ में भाग लिया।

# न्यू सनराइज्ज हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन कर कूल्हे का किया गया प्रत्यारोपण

**लखनऊ के ऑर्थोपेडिक डॉक्टर एके मिश्रा की टीम ने 3 घंटे में सफल किया ऑपरेशन**

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**

मोतीपुर, बहराइच। क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल द्वारा कूल्हे का सफल ऑपरेशन कर मरीज को दौड़ भाग व अधिक पैसों के खर्च होने से बचा लिया है साथ ही मरीज भी पूरी तरह से स्वस्थ और संतुष्ट है। बहराइच जनपद के तराई क्षेत्र में तहसील मिहींपुरवा का अधिकांश क्षेत्र जंगल से जुड़ा होने के साथ नेपाल से सटा हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं की बात की जाए तो मरीजों को लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय या लखनऊ का रुख करना पड़ता था। जिसमें समय के साथ धन भी ज्यादा खर्च होता है। लेकिन न्यू सनराइज हॉस्पिटल तहसील क्षेत्र के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म साबित हो रहा है। न्यू सनराइज हॉस्पिटल में कई बीमारियों से संबंधित रोगियों का इलाज किया जा रहा है। कई तरह के ऑपरेशन भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में पिछले रविवार को नरेश यादव पुत्र बनवारी उम्र 45 वर्ष नेपाल के रामनगर जिला बर्दिया वार्ड नंबर 9 से आए एक मरीज का सफल ऑपरेशन कर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया गया। इस संबंध में न्यू सनराइज हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर पंकज वर्मा ने बताया हॉस्पिटल में सभी प्रकार के रोगियों का इलाज किया जाता है। इसके अलावा कई रोगों से संबंधित ऑपरेशन भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा किया जाता है। पिछले रविवार को लखनऊ के ऑर्थोपेडिक एमबीबीएस एमएस डॉक्टर एके मिश्रा की टीम द्वारा नेपाल से आए एक मरीज का सफल ऑपरेशन कर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया है। ऑपरेशन लगभग तीन घंटे चला। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। इलाज के बाद हमारे संवाददाता ने जब मरीज से बातचीत की तो मरीज ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बढ़िया फायदा हो रहा है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है डॉक्टर की टीम लगातार देख रेख में जुटी हुई है।

# विद्युत विभाग ने 300 बकायादारों के कांटे कनेक्शन

- 5000 के ऊपर के थे बकायदार, अभियान के तहत 9 लाख 65 हजार रुपए की हुई राजस्व

**अमन लेखनी समाचार**



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर 9 लाख 65 हजार रुपए की वसूली करते हुए 300 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को भी विच्छेद कर दिया है। एसडीओ कुमारगंज संतोष कुमार के नेतृत्व में अमानीगंज, कुमारगंज, खडबड़िया, तुरशमपुर फीडर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों तथा गांवों में चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान नरूल हसन, गुरु प्रसाद, रामदास सिंह, सीमा देवी सुर्य मणि सिंह, राज कुमार, रामजीत, दयाराम, देवी प्रसाद, मीना, राज कुमारी, दयानंद, दिनेश कुमार समेत 300 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन को काटते हुए 9 लाख 65 हजार रुपए की राजस्व वसूली की गई। एसडीओ संतोष कुमार ने बताया अब पांच हजार रुपए बिल बकाया होने पर दूसरे महीने बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

10 किलोवाट या इससे अधिक के विद्युत लोड वाले उपभोक्ताओं पर भी सख्ती होगी उपभोक्ताओं से हर माह बिल की वसूली होगी। बिल जमा नहीं करने पर बिजली काटी जाएगी। बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिन लोगों ने अभी तक अपना बिल नहीं जमा किया है। वे जल्द से जल्द बिल जमा कर दें, नहीं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। विद्युत कर्मियों ने अभियान के तहत 300 विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया जिनके द्वारा विद्युत बिल नहीं जमा किया जा रहा था

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। शहर के दही थाना क्षेत्र के तारगांव मोड के पास शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालत में युवक का सड़क किनारे शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। शव देख ग्रामीणों ने हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। उधर, पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि युवक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले हैं। घटना के सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल सहित आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दही थाना क्षेत्र के गढ़ी मजरा तारगांव गांव के रहने वाले देवीचरन रावत का छत्तीस वर्षीय बेटा प्रदीप कुमार सोहरामऊ स्थित वेयर हाउस में नौकरी करता था। गुरुवार सुबह घर ड्यूटी के लिए गया था। देर रात घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। बड़े भाई को ढूंढने के लिए छोटा भाई घर से निकाला और पूरी रात कई रिश्तेदारों और फैक्ट्री के आसपास लोगों से पूछताछ करता था लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। शुक्रवार सुबह दही थाना स्थित तारगांव मोड के पास ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गई। घटना को लेकर ग्रामीणों से हत्या कर शव सड़क किनारे फेंके जाने की आशंका जताई जा रही। उधर, ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दही थाना पुलिस ने छानबीन के बाद शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई और जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। मृतक के तीन बच्चे थे पत्नी सीमा रावत ने बताया कि उनकी हत्या की गई है मौत की सूचना पर बेटी दीप्ति गौरी शगुन का रो रो कर बुरा हाल होता रहा।

# अमरोहा में खेत में टहलते मिले तेंदुए के शावक

- लोगों ने वन विभाग की टीम को बुलाया, मादा तेंदुआ ले गई अपने साथ

**अमन लेखनी समाचार**



अमरोहा, अमरोहा के नौगावां सादात थाना इलाके में तेंदुए के दो शावक देखे गए हैं। ईख के खेत में टहल रहे तेंदुए के दो शावकों का ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर वायरल किया है। वीडियो में तेंदुए के दो शावक खेत में टहलते हुए साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कुछ देर बाद मादा तेंदुआ अपने शावकों को वहां से अपने साथ ले गई। ग्रामीणों ने खेत में तेंदुए के शावक होने की जानकारी वन विभाग को दी। उधर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने खेत में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन तेंदुए और उसके शावकों का कुछ पता नहीं चला। पूरा मामला नौगांवा सादात थाना इलाके के गांव बुढापुर का है। मंगलवार को ग्रामीण अपने खेतों पर पशुओं के लिए चारा लेने गए थे तभी उनकी नजर तेंदुए के दो शावकों पर पड़ी। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए के दो शावक ईख के खेत के पास टहल रहे थे, जिसे देखकर ग्रामीण घबरा गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने शावकों के पास से ग्रामीणों को तुरंत दूर हटने की बात कही। हालांकि, जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक मादा तेंदुआ अपने शावकों को वहां से ले जा चुकी थी।

# संक्षेप

## मछली पकड़ना पड़ा भारी युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मटरू का डेरा मजरे ग्राम पंचायत कहिंजरा निवासी 32 वर्षीय युवक मनीष निषाद पुत्र ललुआ निषाद की यमुना नदी में मछली पकड़ते समय डूबने से मौत हो गई विगत दिवस 14 मार्च शाम समय युवक नाव में बैठकर मछली पकड़ रहा था वही अचानक यमुना के बीच धार में नाव पलट जाने से युवक यमुना नदी की गहराइयों में चला गया काफी खोजबीन के पश्चात ग्रामीणों ने युवक को बाहर निकाला जहां बाहर निकाल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु ले जाया गया अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने युवक मनीष को मृत घोषित कर दिया इस घटना की जानकारी होते ही युवक के घर में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार युवक मेहनत मजदूरी करते हुए अपनी दिव्यांग पत्नी गोमती देवी के साथ एक पुत्र तथा एक पुत्री का जीवन यापन करता था सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव का पंचनामा करते हुए शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया

## बाप,बेटे के खिलाफ दर्ज हुआ एससी/एसटी मारपीट का केस

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत- हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कोईकोल में एक दलित महिला को जातिसूचक गाली,मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने बाप,बेटे के खिलाफ, एससी/एसटी,मारपीट का केस दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कोईकोल निवासी गुड्डी देवी पत्नी रामरूप 8 मार्च को बसियाखोर चौराहे पर गई हुई थी। जमीन को लेकर वहा पर गांव के ही बाप,बेटे पीड़िता को गाली गलौज करते हुए मारा पीटा,बाइक बचाव करने के बाद महिला घर वापस आ गई। इसके बाद फिर आरोपी उसके घर पर चढ़ आए। और जातिसूचक गाली गलौज करते,मार पीटा और जान से मारने की धमकी देने लगे थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गिरिजेश मिश्र,प्रवेश मिश्र के खिलाफ एससी/एसटी,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## सामाजिक संस्थाओं का कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन

### जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग, कहा– पॉपुलेशन पर लगाम लगाने से गरीबी होगी दूर

मेरठ, देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए सामाजिक संस्थाओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सरकार के आंकड़े कहते हैं कि लगभग 36 करोड़ लोग गरीबी रेखा में जीवन व्यापन कर रहे हैं, क्या जनसंख्या वृद्धि को रोक बिना देश की गरीबी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए कानून बनाए जाने की मांग रखी है।

# धूमधाम से आयोजित हुई ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला

**कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधान प्रधानाध्यापक शिक्षक समेत अन्य विभागों ने प्रदान की शिरकत**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत संचालित संस्कार सदन वृंदावन गेस्ट हाउस में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री वर्तमान जहानाबाद विधानसभा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया खंड शिक्षा अधिकारी ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मूर्ति क्षेत्रीय विधायक को भेंट कर आभार व्यक्त किया कार्यक्रम अन्तर्गत मौजूद विशिष्ट बीटीसी जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रशांत पाण्डेय समेत अन्य शिक्षकों ने मौके पर उपस्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा समेत सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया कार्यक्रम का कुशल संचालन ओजस्वी शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गय मुख सेवा मुन्ने बच्चे एवं छात्राओं द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना आदि प्रस्तुत किए गए जिसे सुनकर सभी अतिथियों का हृदय गदगद हो उठा शिक्षा को बढ़ावा देते हुए मुखसेवा अतिथि जहानाबाद विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी नागरिकों एवं नवीन शिक्षा नीति को आगे बढ़ा रहे शिक्षकों को एक इकाई की तरह कार्य करना चाहिए जिस से प्राथमिक स्तर की कक्षा में पहुंचे बच्चे की नीव प्रारंभ में ही मजबूत की जा सके कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल ने अपने संबोधन में कहा वर्तमान में शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए निपुण भारत सामुदायिक सहभागिता एवं संस्थागत ढांचे को मजबूत करने की अत्यंत आवश्यकता है वहीं क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य जैसे अवशेष पैरामीटर को संतृप्त करने हेतु अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधान बुढवां सनोज कुमार रोटी राजकुमार नसेनिया मीरा देवी विश्वकर्मा समेत पपरेंदा आदि के ग्राम प्रधानों को प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों के साथ एस आर जी राधेश्याम दीक्षित एआरपी अमरपाल सिंह गौतम अरविंद कुमार यादव रामशंकर आशीष त्रिवेदी प्रदीप शुक्ला ग्राम प्रधान शिवकुमारी सोनकर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अमौली के महामंत्री दयाराम गौतम प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सचान डॉ प्रशांत पांडे मयंक कटियार सौरभ वर्मा अशोक मीनाक्ष देव सुभा देवी सरोज सोनकर समेत सभी शिक्षक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे

# राप्ती नदी में स्नान करने गए तीन दोस्तो की डूबने से मौत मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड राप्ती नदी में स्नान करने गए तीन दोस्तो की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर गीडा और चिलुआताल की पुलिस मौके पर पहुंची। और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी से दिव्याशु सिंह पुत्र राजनारायण उर्फ नन्हे सिंह 15 वर्ष निवासी गहासाड वार्ड 15, थाना गीडा, दो भाई में छोटा, आर्यन शर्मा पुत्र विनय शर्मा 16 वर्ष धनश्याम नगरी वार्ड 9 पिपरा दो भाई में छोटा व शिवम पासवान पुत्र जयनाथ पासवान 15 वर्ष सहबाजगंज वार्ड 5 थाना सहजनवा अकेला संतान जो तीनो दोस्त थे। और तीनो ने 10 वी परीक्षा दी है। चार दिन से तीनो दोस्त राप्ती नदी में स्नान करने जा रहे थे। शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे तीनो दोस्त स्कूटी पर सवार होकर राप्ती नदी पर पहुंचे,स्कूटी खड़ा कर पीपा पुल से कूद कर स्नान कर रहे थे। पुल पर मौजूद कुछ छोटे बच्चे खड़े थे। बताया की एक दोस्त डूब रहा था। उसे बचाने के लिए दोनो दोस्त नदी में दौड़े लेकिन तीनो दोस्तो की नदी में डूबने से मौत गई। बच्चो के शोर मचाने पर आसपास खड़े लोग दौड़े। इसके बाद मृतक बच्चो के परिजन भी जुट गए। और कुछ ग्रामीण नदी में कूद कर बच्चो की तलाश शुरू किया। कुछ ही देरी में तीनो दोस्तो का शव नदी से बाहर निकाला गया। तीनो बच्चो का शव देख कर कोहराम मच गया। मौजूद लोगो की आंखे नम हो गई। सूचना पर एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव,गीडा और चिलुआताल पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने तीनो दोस्तो का पंचनामा कर शव को परिजन को सौप दिया। तीनो बच्चो के परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिए।

# चेयरमैन ने प्रधानमंत्री आवास के बांटे प्रमाण पत्र



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा कार्यालय पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को बांटे आवास प्रमाण पत्र। वितरण समारोह में चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने कहा कि गरीब असहाय बेसहारा लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निःशुल्क आवास मुहैया कराया जा रहा है। जिससे सभी को एक छत मिल जा रहा है। जिससे लोगो के जीवन यापन में सुविधा हो जा रही है। और कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी अमित नायक ,अखिलेश गुप्त ,राजनाथ यादव,संतोष पाण्डेय,सुंदरम त्रिपाठी सहित आदि लोग रहे।

# अलग अलग विवाद में एक दर्जन के खिलाफ बलवा,मारपीट का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के भेलउर निवासी हरि शंकर पुत्र राम प्यारे 13 मार्च को रात्रि में किसी कार्य से गांव में जा रहा था। रास्ते में डधौली गांव के पास पहुंचा था की पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी गाली गलौज करते हुए,लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने जितेंद्र उर्फ डब्बू,किशन,ध्रुपराज, श्रवण, राजन के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। गीडा थाना मनीष निषाद पुत्र राम मिलन व सुरज पुत्र बबलू निवासी पेवानपुर नौसढ चौराहा जो शटरिंग का कार्य करता है। शाम को 5.30 बजे कार्य कर बाइक से घर वापस आ रहा था। अहिरौली पटखौली के पास पहुंचा था की रास्ते में एक दर्जन की संख्या में युवक मस्ती कर रहे थे। रास्ते में खड़े होने पर हार्न बजाया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो सभी डंडे, शटरिंग के हथौड़े से मारपीट कर घायल कर दिए और जान से मारने की धमकी देने हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रघु, अंकित,राजू,बाल मुकुंद, श्यामू,बलवंत,मनीष कुछ अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## पल्सर सवार के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़गहन निवासी प्रेमा देवी पत्नी छोटेलाल 55 वर्ष वृहस्पतिवार खेत में गई थी।

घर वापस लौटते हुए बड़गहन के अज्ञात पल्सर सवार ने ठोकर मार दिया था। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात पल्सर सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सवारियों को लेकर ऑटो चालकों में हुए झगड़े जमकर चले लात-घूसे

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज प्रभा चौराहे पर ऑटो चालकों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के कारणो का अभी तक पता नहीं चल पाया है लेकिन प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार यह सब सवारी को लेकर हुए विवाद के बाद शुरू हुआ इस घटना से इलाके में डर का माहौल है। ऑटो चालक सवारियों को लेकर किस हद तक जा सकते हैं ऐसा ही मामला नगर पंचायत पीपीगंज के प्रभा हाल चौराहे पर दिन दहाड़े 20 से 25 मिनट तक यह तमाशा देखने को मिला। ऑटो चालकों के आपस में सवारियों को लेकर जमकर लात घुसे चले जिसमें कुछ ऑटो चालक घायल हो गए। घटना से महज 100 मी पर स्थित पीपीगंज पुलिस चौकी होने के बाद भी ऑटो चालकों के द्वारा जमकर हंगामा किया गया। इन्हें ना तो प्रशासन का डर है ना ही सवारियों से कुछ लेना देना है। राहगीरों ने बताया आए दिन ऐसे ही सवारियों को लेकर मारपीट करते रहते हैं। ऑटो चालक के आपसी लड़ाई में प्रभा हाल से पुलिस चौकी पीपीगंज तक इस घटना से अफरा तफरी का माहौल बना रहा। पीपीगंज पुलिस ने बताया जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# मंदिर में हाथ जोड़े... शिवलिंग से नाग चुराकर ले गया

**मेरठ में घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में चोर ने बड़े भक्तिभाव से चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर शांति से मंदिर में घुसा फिर चारों तरफ देखकर पूजा, पाठ करने लगा। इसके बाद मंदिर में उसने मत्था टेका और मंदिर में रखा तांबे का नाग चुराकर ले गया। मामला भावनपुर थाना क्षेत्र का है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर में प्राचीन शिव मंदिर में दोपहर यह चोरी हुई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि युवक मंदिर में घुसता है। इसके बाद पूजा,पाठ करता है। चारों तरफ मूर्तियों को हाथ जोड़कर प्रणाम करता है। इसके बाद चोर मंदिर से बाहर जाता है। जब देखता है मंदिर के आसपास कोई नहीं है तो चोर दोबारा मंदिर में घुसता है। शिवलिंग के पास बैठकर अपने साथ लाए कपड़े के थैले में शिवलिंग पर चढ़ा नाग उतारकर रख लेता है। धीरे से मंदिर से निकल जाता है। बाद में जब भक्त मंदिर में पूजा करने जाते हैं तो देखते हैं शिवलिंग से नागदेवता गायब हैं। यह देखकर हाहाकार मच जाता है।

इसके बाद मंदिर समिति को इसकी जानकारी दी जाती है। पुजारी, मंदिर समिति के लोग मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक करते हैं।

# बभनी में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**आगामी लोकसभा चुनाव और सीएए को लेकर लिया सुरक्षा का जायजा, निर्भीक होकर मतदान करने की अपील**

अमन लेखनी समाचार



बभनी, सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी दुद्धी के नेतृत्व में एसएस बी तथा पुलिस के जवानों ने कस्बे सहित छत्तीसगढ़ सीमा पर एरिया डोमिनेशन किया। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास कराया। इसके साथ ही सिटीजन अमेंडमेंट एक्ट के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। सीओ दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल के नेतृत्व में एस एस बी के जवानों तथा पुलिस के जवानों ने बभनी कस्बा, बाजार, पोखरा, चपकी, असनहर, महुअरिया, आसनडीह, बचरा, बडहोर तथा छत्तीसगढ़ बार्डर के शीशटोला गांव में एरिया डोमिनेशन कर ग्रामीणों को सजग किया। क्षेत्राधिकारी प्रदीप चंदेल ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनको निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उनको सीधे जेल भेज दिया जाएगा। सीओ ने ग्रामीणों को सीएए के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों से कहा कि मतदान के दिन सभी लोग बूथ पर जाकर अपना वोट डालें। अगर चुनाव में कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की गड़बड़ी करता है, तो उसके खिलाफ शख्त कार्रवाई करते हुए उसे जेल के सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। सीएए के बारे मे उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के लोगों पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से भड़काऊ सूचना प्रसारण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पैदल गस्त के दौरान थानाध्यक्ष सुरेश चन्द्र द्विवेदी, उपनिरीक्षक वीर बहादुर चौधरी, तेज बहादुर सिंह, एक कम्पनी एसएस बी के जवान शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर को लगी गोली, घायल

**शाहगंज और सरपतहां पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, दानिश कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर**

अमन लेखनी समाचार



शाहगंज, जौनपुर के शाहगंज और सरपतहां पुलिस की संयुक्त टीम की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से एक तमंचा, जिन्दा कारतूस और एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल बरामद की है। शाहगंज सीओ अजीत सिंह चौहान ने बताया कि थाना सरपतहां और शाहगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने भुसौड़ी नहर पुलिया के पास शाम साढ़े सात बजे एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। जो सबरहद निवासी दानिश (27) पुत्र मुस्लिम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दानिश कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली भी लगी। दानिश के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

दानिश के खिलाफ देवरिया जिले के बरहज थाने में 2022 में गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम का एक मुकदमा दर्ज है।

# खुर्जा में सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

**पत्नी सहित तीन लोग घायल, पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार




खुर्जा, खुर्जा के अरनिया में नेशनल हाईवे टीएचडीसी बाईपास पर ऊंचागांव के निकट बाइक फिसलने से पिता-पुत्री की मौत हो गई। जबकि पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। अरनिया थाना पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद अलीगढ़ के थाना इगलास के गांव पडील निवासी विकास (28) पुत्र मुरारीलाल अपने परिवार के साथ सोमवार देर शाम बाइक द्वारा अलीगढ़ से बुलंदशहर किसी शादी में जा रहा था। रास्ते में नेशनल हाईवे टीएचडीसी बाईपास पर गांव ऊंचागांव के निकट अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में विकास व उसकी पुत्री सोनी (11 माह) की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी संगीता व पुत्री सुरभि (3) के साथ अंजली पत्नी योगेंद्र घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पिता-पुत्री के शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया। थानाध्यक्ष लोकेश अग्निहोत्री ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। मामले में मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। वही परिवार में अचानक हुई दो मौत से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

# रन फॉर वोट मतदाता रथ यात्रा में उमड़े लोग

**ब्रांड एंबेसडर बादल तेवतिया व साथियों को किया गया रवाना, गांवों में दिया मतदान का संदेश**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर में डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह के निर्देश पर मतदाता जागरूकता का संदेश लेकर रन फॉर वोट रथ यात्रा बुधवार को विधानसभा अनूपशहर पहुंची। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उमड़े। अनूपशहर ब्लॉक भवन से बीडीओ मोकम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर बादल तेवतिया और उनके अन्य साथियों को रवाना किया। इसके बाद रथ यात्रा करनपुर गांव पहुंची, जहां गांव के मार्गों से गुजरते हुए जागरूकता का संदेश लेकर यात्रा अनिवास पहुंची। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में गांव में भ्रमण करते हुए अगले गांव विचोला पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया और अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया। इसके बाद यात्रा हिसावटी गांव पहुंची, जहां ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों बुजुर्ग और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सेदारी की। यात्रा को अगले और अंतिम पड़ाव गांव बिरौली के लिए रवाना किया, जहां गांव में भ्रमण के बाद एक संगोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक और प्रथम बार मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाया।

## विधायक ने किया चिकासी हरदुआ संपर्क मार्ग का भूमि पूजन

राठ (हमीरपुर)।क्षेत्रीय विधायक ने वर्षों से प्रतिक्षित चिकासी हरदुआ मार्ग का भूमि पूजन किया। मार्ग बनने की स्वीकृति मिल जाने पर ग्रामीणों के चेहरे के खिल उठे। बताते चलें कि लगभग दो दशक से चिकासी हरदुआ मार्ग की अति जर्जर हालत होने के कारण इस गाँव सहित संपर्क मार्ग के आसपास बसे गांव के लोगों को आने-जाने में खासी मसक्कत करनी पड़ती थी। जो बरसात के दिनों में और भी विकराल रूप धारण कर लेती थी। जिस पर क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने इस मार्ग के निर्माण का बीड़ा उठाते हुए शासन से इसके निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कराई। जिसका आज उन्होंने भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, अमर सिंह बाबा,मंडल अध्यक्ष अरुण राजपूत, भाजपा नगर महामंत्री दीपू मुंशी, इं0विजय राजपूत, अमन राजपूत, जेई भूपेंद्र सिंह पटेल,नगर उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, रामअवतार साहू सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# वंदे भारत जैसी ट्रेनों की परिचालन से बुंदेलखंड में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा- डॉक्टर संदीप

**वंदे भारत एक्सप्रेस के झाँसी पड़ाव पर डॉ० संदीप ने सरकार को ज्ञापित किया धन्यवाद**

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**



झाँसी। खजुराहो से प्रारंभ होकर नई दिल्ली तक जाने वाली वंदे भारत (22469) रेलगाड़ी, जिसका एक पड़ाव वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन भी सुनिश्चित किया गया है जिससे जनपदवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वंदे भारत के झाँसी आगमन पर संघर्ष सेवा समिति संस्थापक डॉ संदीप सरावगी अपने समिति सदस्यों एवं समर्थकों के साथ झांसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां भारी संख्या में यात्रीगण, रेलवे कर्मचारी और कुली भी उपस्थित रहे। शाम 6:20 पर वंदे भारत ट्रेन के झांसी रुकते ही सभी ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया तथा जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा रेल्वे परिसर गुंजायमान हो उठा। वहीं डॉ० संदीप ने ट्रेन पर स्वास्तिक चिन्ह बनाकर माला अर्पित की साथ ही ट्रेन में उपस्थित रेलकर्मियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और यात्रियों को शुभ यात्रा की शुभकामनायें भी दीं। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय ने लोकसभा चुनाव से पूर्व जनपदवासियों को वंदे भारत के रूप में आवागमन के लिए बहुत अच्छी सुविधा सौगात के रूप में दी है। खजुराहो देश का प्रमुख पर्यटन स्थल है लेकिन अब तक खजुराहो के लिए ट्रेन से आवागमन की बहुत अच्छी सुविधा उपलब्ध नहीं थी वंदे भारत शुरू होने से अब यह सफर बहुत आसान हो जाएगा।झांसी भी धीरे-धीरे एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है झांसी के आसपास भी बहुत दर्शनीय स्थल है जिन्हें पर्यटक देखने आते हैं लेकिन खजुराहो के लिए कोई अच्छी आवागमन सुविधा न होने के कारण पर्यटकों का रुख झांसी की ओर कम हो गया था लेकिन अब यह ट्रेन झांसी में भी पर्यटन को बढ़ावा देगी जिससे झांसी और आसपास का क्षेत्र सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से संपन्न होगा। इसके लिए मैं केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूँ और साथ ही यह निवेदन करता हूँ वंदे भारत एक्सप्रेस में झाँसी के स्टाफ की भी ड्यूटी सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर ब्रजकिशोर यादव, भूपेन्द्र यादव, शशांक श्रीवास्तव, शुशांत गेड़ा, लखन लाल, राजू सेन, डिप्टी एसएस एस. के. नरवरिया, बबली महेता, आशीष विश्वकर्मा, राकेश अहिरवार, प्रमेन्द्र सिंह, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, चंदन पाल, बसंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



बलियाः अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महिला सशक्तिकरण विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में हुआ। ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ज़िला जज अशोक कुमार सप्तम, कुलपति प्रो.संजीत गुप्ता व सीजेएम शांभवी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को उनके अधिकार की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि कैसे अपने अधिकार के जरिए खुद को सुरक्षित व सशक्त बना सकती हैं।मुख्य अतिथि ज़िलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि नारी शक्ति को और सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरूआत हाल ही में मुख्यमन्त्री जी ने की है। आर्थिक व सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दिया।हर विभाग में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को आगे लाया गया, ताकि वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकें। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महिलाओं की तरफ आँख उठाकर देखने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता।उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जारी स्लोगन के जरिए यह संदेश दिया कि महिलाओं की बेहतरी के लिए काम होगा तो हमारी प्रगति भी हर क्षेत्र में बढ़ेगी। ज़िला जज अशोक कुमार सप्तम ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ.इतना है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सशक्त हो। विधिक साक्षरता शिविर लगाकर हर महिला को उनके अधिकार की जानकारी देने का प्रयास प्राधिकरण करता है, ताकि हर महिला आत्मनिर्भर हो और समाज में सर उठाकर जी सकें। चंद्रशेखर विवि के कुलपति प्रो. संजीत गुप्ता ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का आम जन के बीच जाकर सुनने का प्रयास करना, आम जनता को विधिक जानकारी देना सराहनीय कदम है। नारी शक्ति को आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने पर बल दिया। मुख्य वक्ता के रूप में आयीं महिला मनोवैज्ञानिक सलाहकार नीरू माथुर भटनागर ने महिलाओं से संवाद किया और उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनने के अहम टिप्स दिए।कार्यक्रम में एडीजे सुरेंद्र प्रसाद, एडीजे प्रथम हुसैन अहमद अंसारी, सीजेएम शांभवी यादव, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सर्वेश मिश्रा, एसीजेएम तपस्या त्रिपाठी, एसीजेएम द्वितीय कविता तिवारी, डीपीएम आरबी यादव सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद थे।

### अमेरिका व दिल्ली से जुड़ीं वक्ता

अमेरिका से वर्चुअल रूप में जुड़ीं डा सुरभि पांडेय ने सभागार में मौजूद महिलाओं से संवाद किया। कहा कि हम सबको ऐसा भारत का सपना देखना है, जहां महिला पुरुष में कोई अंतर ना हो। वर्चुअल रूप से ही सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि महिलाएँ लॉयबिल्टी नहीं, बल्कि एसेट्स हैं। भारत की बेटियां अब पहले की तरह नहीं रही। निश्चित रूप से बेटियों और महिलाओं में जागरूकता आयी है और उसका असर भी भारत में दिख रहा है। ग्रामीण क्षेत्र कि महिलाओं के बीच विधिक जागरुकता ज्यादा से ज्यादा फैलाने पर जोर दिया। इसके अलावा डॉ. शिक्षा चावला के एक वीडियो के जरिए महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण व उससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया गया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय व कैस्टरब्रिज की छात्राओं में महिला जागरूकता पर आधारित शानदार नाटक व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको प्रभावित किया।

# प्रधानों के सहयोग से आज चमक रहे राही ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयः बीईओ

**संगोष्ठी में बेहतर काम करने वाले ग्राम प्रधान और सचिवों को किया गया सम्मानित**

**सरकार की इच्छा शक्ति और कायाकल्प से बदल गई परिषदीय विद्यालयों की सूरतः गौरी राठौर**

**अमन लेखनी समाचार**



रायबरेली। प्रधान, शिक्षक, ग्राम सचिव और एमएमसी के बीच में बेहतर तालमेल बनाने के लिए शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर रही। संगोष्ठी में बेहतर काम करने वाले प्रधान और सचिव का सम्मान किया गया।

ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित संगोष्ठी में खण्ड शिक्षाधिकारी बृजलाल ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प का बेहतर काम करने वाले ग्राम प्रधान बेला भेला, भांव, एकौना, मधुपुरी, कोडर जहानपुर, कनौली, तंबरपुर, सराय दामों, सराय मुगला, विनोहरा, सेमरा, परौरा के प्रधानों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों उत्कृष्ट कार्य कराने वाले ग्राम पंचायत अधिकारियों क्रमशः हंसराज सिंह, अविनाश सोनकर, पूर्णिमा सिंह, रणविजय सिंह, विजय प्रकाश भारती, सुधीर कुमार आदि को सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानों के सहयोग आज राही ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय चमक रहे हैं। खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने कहा कि सरकार की तरफ से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों को चमाने के प्रयास में हम लोगों की तरफ से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 19 पैरामीटर को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालयों में बेहतर तरीके से बच्चों को पढ़ाएं, सरकार की तरफ से उनको सभी सुविधाएं दी जा रही है। संगोष्ठी का संचालन डा0 अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर उ0प्रा0वि0 रामगंज, प्रा0वि0 पूरे जमुनिहा, प्रा0वि0 तंबरपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और नाटक प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर एआरपी अजय सोनकर, डा0 रवीन्द्र कुमार यादव, राजेश कुमार मिश्रा, प्रमेश शर्मा, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष दिलीप पाल, शिक्षक अजय सिंह, गजेन्द्र सिंह, दिलीप गुप्ता, दीप कुमार वर्मा, नागेन्द्र यादव, आशीष कुमार साहू, मीनाक्षी तिवारी, प्रीति वर्मा, संगीता अग्रहरि, बृजेश मौर्य, अभिषेक, अमित त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों और कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण




**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली , लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियां जोरो पर है। इसी संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ बूथों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बूथों को अभी से व्यवस्थित करा लिया जाए। मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखा जाए। खासतौर से महिला,वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए।इसके लिए बूथों पर रैंप, बिजली, पानी और शौचालयों को दुरुस्त करा लिया जाए। मतदान से पहले ही बूथों पर बैरिकेटिंग कर ली जाए। जिससे उस दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, कैमरा, टेलीविजन और कंप्यूटर कक्षों का अवलोकन किया। निर्देश दिया की निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम में जिन भी कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है,समय से उपस्थित रहेंगे और बारीकी से सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सकुशल,शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित करना ही हम सब की प्राथमिकता है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्टाम्प लोक अदालत का आयोजन 16 मार्च को

**अमन लेखनी समाचार**




रायबरेली, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि आयुक्त स्टाम्प उत्तर प्रदेश प्रयागराज के भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में स्टाम्प कलेक्टर न्यायालय में लम्बित स्टाम्प वादो के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को स्टाम्प लोक अदालत आयेजित किया जाना है। जिलाधिकारी ने जनसामान्य एवं वादकारियों से कहा है कि जनपद रायबरेली में स्टाम्प कलेक्टर के न्यायालय जिलाधिकारी व न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) रायबरेली एवं न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प रायबरेली के न्यायालय में लम्बित स्टाम्प वादो को निस्तारित कराये जाने हेतु 16 मार्च 2024 को सम्बन्धित न्यायालयों में स्टाम्प लोक अदालत का आयोजन किया जाना नियत है। जनसामान्य एवं वादकारियों से अपेक्षा है कि 16 मार्च 2024 को सम्बन्धित न्यायालय में आयोजित स्टाम्प अदालत में अपने स्टाम्प वादो का त्वरित निस्तारित कराये तथा इस अवसर का लाभ उठाये।

# डीएम ने निपुण विद्यालय में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य को किया सम्मानित



**अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित**

हमीरपुर ।प्राथमिक विद्यालय ममरेजपुर विकासखंड सुमेरपुर में आज निपुण विद्यालय में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दीक्षित को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह एवं जिलाधिकारी राहुल पांडे जी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।बच्चों के पठन-पाठन एवं विद्यालय की साफ सफाई सहित सभी कार्यों की तारीफ की बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अध्यापकों का योगदान हमेशा रहता है इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त स्टाफ की प्रशंसा करी तथा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पीने के पानी के लिए तरस रहे हरसुंडी ग्रामवासी

**नमामी गंगे के तहत बनी पानी की टंकी आधे गांव में कर रही पानी की सप्लाई**

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**



राठ,हमीरपुर। एक साल पहले नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जलालपुर थाना क्षेत्र के हरसुंडी गांव में बनाई गई पानी की टंकी से आधे गांव में सप्लाई हो रही है।जबकि आधे गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने ठेकेदार से लेकर अधिकारियों से शिकायत की लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से शासन को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश सरकार द्वारा किसी परिवार को पेयजल की समस्या न होने के लिए तमाम प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से योजनाओं पर पानी फिरता नजर आ रहा है। हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का मिशन जारी है। लेकिन जलालपुर थाना क्षेत्र के हरसुंडी गांव में पानी की टंकी के निर्माण के बाद भी आधे गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिल रहा है। जबकि आधे गांव के लोग शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। अरविंद राजपूत, भवानीदीन राजपूत, देवपाल, प्रदीप , बृजेंद्र, अजयपाल, राम लखन, रोहित आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शुद्ध पेयजल के लिए गत वर्ष अमृत सरोवर तालाब के पास नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पानी की टंकी बनाई गई और पूरे गांव में पानी सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाई गई। लेकिन दलित बस्ती, बाजार और पंचायत भवन सहित आधे गांव के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह लोग निजी एवं सरकारी हैंडपंप का पानी पीकर जीवन यापन कर रहे हैं?। शुद्ध पेयजल से वंचित ग्रामीणों ने ठेकेदार से लेकर अधिकारियों को कई बार शिकायत की?। लेकिन समस्या दूर नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर पानी की समस्या को दूर करने की मांग की।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के लिए अलग बैंक खाता खोलने के दिशा निर्देश जारी

**अमन लेखनी समाचार**



रायबरेली, जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रुपए 10,000/- से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को, उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देश के क्रम में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंकों को यह निर्देश परिचालित किये गये हैं कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देंगे एवं खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णों की चेक बुक (नान पर्सनलाइज) उपलब्ध करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि आयोग के उक्त दिशा निदेशों को समस्त राजनैतिक दलों, निर्वाचन अभ्यर्थियों, सम्बंधित अधिकारियों एवं डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित समस्त बैंकों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

# यादवेंद्र को कोषाध्यक्ष व अमन को अध्यक्ष बछरावां की जिम्मेदारी

**अमन लेखनी समाचार**




रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के निर्देश पर जिला मंत्री मुकेश चंद्र दिवेदी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय चक अहमदपुर में आहूत की गई। बैठक में जनपदीय कोषाध्यक्ष आशुतोष शुक्ला द्वारा पद के दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थता पर जिला कार्य समिति द्वारा कोषाध्यक्ष पद का दायित्व यादवेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष डलमऊ को सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष बछरावां के पद का दायित्व युवा,संघर्षशील, जुझारू शिक्षक साथी अमन शुक्ला को सौंपा गया। इस अवसर पर यादवेन्द्र प्रताप सिंह व अमन शुक्ला दोनों के द्वारा जिला कार्य समिति द्वारा प्रदत्त नवीन जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आश्वासन अपने संबोधन में व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला मांडलिक मंत्री/जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा सभी को बधाई दी गई और पद व दायित्व का कार्य और गरिमा पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी,अध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी,जनपदीय संयुक्त मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष सतांव डा0 चंद्रमणि बाजपेई ने शिक्षक साथियों को शुभकामना व बधाई प्रदान की। इस अवसर पर जटा शंकर बाजपेई, सत्येश सिंह, वेद शुक्ला, संजय सिंह, आदित्य पांडे, पवन शुक्ला, नीरज हंस, डा0 गजेंद्र सिंह, शेखर यादव, डॉक्टर बृज किशोर चौधरी, सुधीर सिंह, सुधीर त्रिवेदी,योगेश सिंह, अनिल सिंह, शैलेंद्र सिंह, दुर्गेश मिश्रा, गौरव सिंह आदि शिक्षक साथीगण उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम में सेलिब्रेटी नाइट में फेमस बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने बिखेरे अपने सुरों के जादू

**अमन लेखनी समाचार**



गुरुग्राम : शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में जेनिथ 2024 सेलिब्रिटी नाईट का आयोजन किया गया वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेलिब्रिटी नाईट कार्यक्रम में 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड विनर बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने अक्षय कुमार की फिल्म केसरी के फेमस गाने ₹तेरी मिट्टी में मिल जावा₹ से अपनी परफॉर्मेंस की शुरूआत की क पंडाल में उपस्थित कॉलेज के एम.सी.ए, एम.बी.ए, एम.टेक, बी.टेक, बी.बी.ए , बी.सी.ए और डिप्लोमा के छात्रों ने और कॉलेज स्टाफ ने बॉलीवुड सिंगर बी प्राक के मंच पर पहुंचने पर तालियों से उनका स्वागत किया। करीब डेढ़ घंटे की प्रस्तुति के दौरान गायक बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने समां बांधा और हर किसी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उनके द्वारा पेश किए गए गानों का उपस्थित छात्रों ने खूब आनंद उठाया। बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने गानों का ऐसा जलवा बिखेरा की सभी मंत्रमुग्ध हो गए। वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि समय-समय पर इस तरह सेलिब्रिटी नाईट के आयोजन में बॉलीवुड के फेमस सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह, गायक इक्का सिंह, सिंगर बोहेमिया, गायक मोहित चौहान, पंजाबी सुपरस्टार सिंगर गिप्पी ग्रेवाल, बॉलीवुड के लोकप्रिय डीजे अकील और मशहूर पंजाबी सिंगर परमीश वर्मा आदि को बुला चुके हैं क्योकि विद्यार्थियों के सर्वांगिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद और मनोरंजन भी जरूरी है ।आपको बता दें कि वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से एफिलिएटेड कॉलेज है जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित बी.टेक के रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैकेनिकल और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और डिजाइन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आदि और एम.टेक के सिविल में कंप्यूटर एडेड स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस आदि मार्केट्स और इंडस्ट्री सेक्टर की डिमांड के अनुसार रोजगारयुक्त (एम्प्लॉयमेंट पर्सपेक्टिव) नए कोर्सेज का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है ।वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट को टाइम्स इंजीनियरिंग सर्वे द्वारा गुरुग्राम में प्लेसमेंट में नंबर 1 कॉलेज के रूप में स्थान दिया गया है क विभिन्न विषयों की अग्रणी कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए आती हैं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

जंतु-जगत

शिखर चंद जैन

बच्चों, जब तुम किसी बगीचे में जाते हो तो वहां फूलों पर मंडरातीं रंग-बिरंगी तितलियां खूब भाती होंगी। इनका बहुत ही अनोखा संसार है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं, विश्व में पाई जाने वाली ऐसी ही कुछ मनभावन और अनोखी तितलियों के बारे में।



# मनभावन-अनोखी रंग-बिरंगी तितलियां

## ब्लू मोरफो

**ब्लू मोरफो** तितली की 29 प्रजातियां और 147 उप-प्रजातियां पाई जाती हैं। इनके पंख चटक नीले रंग के होते हैं, इस कारण ही इनका नाम 'ब्लू मोरफो' रखा गया है। इसके पंखों का फैलाव 3 से 8 इंच तक तक हो सकता है। इसमें नर और मादा तितली के रंग-रूप में बहुत अंतर होता है। नर तितली चटक नीले रंग की होती है, जबकि मादा तितली के पंखों में नीला रंग कम होता है। ये तितलियां देखने में बहुत ही सुंदर लगती हैं। *

## अमेरिकन स्नाउट

**अमेरिकन स्नाउट** तितलियां काले, भूरे रंग की होती हैं, जिन पर सफेद, नारंगी और गहरे हरे-पीले रंगों की धारियां होती हैं। इन



तितलियों के मुंह के आगे का भाग थूथुन जैसा होता है। अमेरिकन स्नाउट तितलियां, उत्तरी और दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में पाई जाती हैं। इसके थूथुन (स्नाउट) और निवास स्थान (अमेरिका) को मिलाकर इसका नाम अमेरिकन स्नाउट बटरफ्लाई रखा गया है। इन तितलियों की एक और खासियत यह होती है, जब ये पेड़ के तने पर बैठती हैं तो सूखे पत्ते की तरह दिखाई देती हैं। इस प्रकार यह शत्रुओं से अपना बचाव कर लेती हैं। *

## क्वीन एलेक्जेंड्रा बर्डविंग

**क्वीन एलेक्जेंड्रा बर्डविंग** विश्व की सबसे बड़ी तितली मानी जाती है। मादा तितली आकार में नर से बड़ी होती है। वयस्क मादा



तितली जब पूरे पंख फैला लेती है तो उसके शरीर की चौड़ाई करीब 12 इंच तक हो सकती है। मादा तितली के पंख गहरे भूरे होते हैं, जिसमें बहुत हल्के भूरे रंग के धब्बे की दो पंक्तियां पंखों के बाहरी किनारों पर पाई जाती हैं। इस तितली के पीछे के पंखों में भीतर की ओर नोकदार त्रिकोणों की एक पंक्ति होती है। नर के पंख आकार में लंबे और नुकीले होते हैं। इनका रंग हरा, फिरोजी और काला या इनका मिला-जुला होता है। *

## ड्रायास इयूरिया

**ड्रायास इयूरिया** तितली को लोग जूलिया नाम से भी जानते हैं। इन तितलियों के पंखों का रंग नारंगी होता है। ये अपने पंखों का



फैलाव तीन से चार इंच तक कर सकती हैं। सामान्य तितलियों से अधिक इन तितलियों के चार पैर होते हैं। इनके सामने के दो पैर पीछे के पैरों की अपेक्षा छोटे होते हैं। इनका लार्वा, पैशन फ्लावर की पत्तियों का रस पीता है। इस कारण ये वहीं पाई जाती हैं, जहां ये पौधे बहुतायत में होते हैं। ब्राजील, टेक्सास और फ्लोरिडा, ड्रायास इयूरिया के प्रिय निवास स्थल हैं। इनके शरीर में पाए जाने वाले विशेष प्रकार के विष के कारण पक्षी इन्हें अपना भोजन नहीं बनाते हैं। *

## मोनार्क तितली

मोनार्क तितलियां अलग-अलग रंगों और आकारों में पाई जाती हैं। इनमें नारंगी और काले रंग की तितलियां देखने में बहुत ही सुंदर होती हैं। मादा तितली के पंख गहरे रंग के होते हैं, जबकि नर तितली के पंखों के बीच धारियां होती हैं। मोनार्क तितलियां लाखों की तादाद में उड़ते हुए मैक्सिको के मोनार्क बटरफ्लाई बायोस्फेयर रिजर्व में पहुंच जाती हैं। यहां ये तितलियां कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको से एकत्र होकर आती हैं। मोनार्क तितलियां बड़े-बड़े झुंडों में आकर बायोस्फेयर रिजर्व में निवास करती हैं। 560 वर्ग किलोमीटर



क्षेत्र में फैला मोनार्क बटरफ्लाई बायोस्फेयर, मैक्सिको सिटी से 160 किलोमीटर दूर है। यहां सर्दियों में ओयामिल फर के पेड़ों पर ये तितलियां जमकर मौज-मस्ती करती हैं। मोनार्क तितलियां 3,000 किलोमीटर का सफर तय करके यहां आती हैं। इतनी दूर स्थित इस रिजर्व में कनाडा और अमेरिका जैसे देशों से हर साल इतनी तादाद में तितलियों का आना हैरतअंगेज है। मोनार्क तितलियां अपनी यात्रा नवंबर से ही शुरू करती हैं। यहां पहुंच कर ये अंडे देती हैं, अपनी जनसंख्या बढ़ाती हैं। कहने को तो तितलियां फूलों की तरह हल्की-फुल्की होती हैं, लेकिन इनकी संख्या इतनी ज्यादा होती है कि जहां ये झुंड में बैठती हैं, पेड़ों की डालियां झुक जाती हैं। इनके रंगीन पंखों की वजह से पेड़ कुछ अलग ही नजर आने लगते हैं, ज्यादातर पेड़ नारंगी दिखने लगते हैं। *

# हंसी के शहंशाह

बच्चों, हंसने-हंसाने का सिलसिला बहुत पुराना है। ऐसे कई व्यक्ति हुए हैं, जो ना सिर्फ राजा और प्रजा को खूब हंसाते थे, बल्कि बेहद बुद्धिमान भी होते थे। लेट्स लाफ-डे (आओ हंसें दिवस-19 मार्च) के मौके पर हंसी के कुछ शहंशाहों के बारे में जानो।

रोचक / शिखर चंद जैन



**बीरबल:** बीरबल, बादशाह अकबर के दरबार में नौ रत्नों (सलाहकारों) में से एक थे। साथ ही उनकी सेना की एक टुकड़ी के सेनापति भी थे। बीरबल ना सिर्फ बहादुर, बुद्धिमान और हाजिर जवाब इंसान थे बल्कि अच्छे कवि और गायक भी थे। उनका वास्तविक नाम महेश दास था। वह किसी भी मुसीबत का हल हंसते-हंसते निकाल देते थे।



**तेनालीराम:** दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के छोटे से गांव तेनाली में जन्मे थे तेनालीराम। बचपन में उनका नाम तेनाली रामाकृष्णा था। कहते हैं, उन्हें मां काली का आशीर्वाद प्राप्त था। मां काली ने उन्हें अत्यधिक बुद्धिमान होने का वरदान दिया। बाद में विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय ने उन्हें अपने दरबार में स्थान दिया था। तेनालीराम अपनी हाजिर जवाबी से महाराज का दिल जीत लेते और उन्हें खूब हंसाते भी थे।



**गोपाल भांड:** 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में राजा कृष्णचंद का शासन हुआ करता था। उन्हीं के नवरत्नों में से एक थे, गोपाल भांड। गोपाल ने अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते महाराज का दिल जीत लिया था। वे जटिल से जटिल परिस्थितियों का आसान हल खोज लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में खूब पढ़ने को मिलते हैं। गोपाल भांड बांग्लादेश में भी खूब लोकप्रिय हैं।



**गोनू झा:** 13वीं सदी में मिथिला के राजा थे, हरिसिंह। गोनू झा उनके दरबारी कवि थे। राजा के मुंहलगे और प्रिय होने की वजह से उनसे दरबार के अन्य लोग चिढ़ते थे। दरबारी, लाख कोशिश करने के बावजूद गोनू को नीचा नहीं दिखा पाते, बल्कि खुद ही उनकी चतुराई भरी चालों के शिकार होकर मजाक के पात्र बन जाते थे। आज भी गोनू झा के किस्से खूब चटखारे लेकर सुने-सुनाए जाते हैं। *

## बूझो तो जानें



1
मुझ में है ज्ञान खजाना,
शब्दों का भंडार।
पढ़ मुझको विद्वान बनो,
महिमा अपरंपार।

2
मुझ पर लिखते लालू, शालू,
काला-काला रंग।
मास्टर जी भी मुझ पर लिखते
लिखते राज और उमंग।

3
लिखते-लिखते अगर कभी,
मोटी मैं हो जाऊं।
मुझे छील उपयोग करो,
घर-घर पाई जाऊं।

4
मुझ पर लिखते रानी-राजा,
श्वेत रंग है मेरा।
पढ़-लिख कर विद्वान बनो सब,
करके दूर अंधेरा।



-कमलेंद्र कुमार

उत्तर: 1-शब्दकोश, 2-ब्लैकबोर्ड, 3-पेंसिल, 4-चॉक

## जीके क्विज-95



1. हाल में हरियाणा का नया मुख्यमंत्री किसे बनाया गया है?
2. इसी सप्ताह किस मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया?
3. किस पक्षी का अंडा आकार में सबसे बड़ा होता है?
4. सौरमंडल में किसे लाल ग्रह भी कहा जाता है?
5. भारत का कौन-सा राज्य चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है?
6. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7. देश में सफेद क्रांति का संबंध किस खाद्य-पदार्थ से है?
8. भारत के सबसे पुराने विश्वविद्यालय का क्या नाम है?
9. भारत के किस पड़ोसी देश की राजधानी थिंपू है?
10. स्वतंत्र भारत में भाषा के आधार पर गठित होने वाला पहला राज्य कौन था?



बच्चों, जीके क्विज-95 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-94 का उत्तर :** 1-उज्जैन (मध्य प्रदेश), 2-भारत, 3-रविचंद्रन अश्विन, 4-नेपाल, 5-गोवा, 6-कोलकाता में, 7-उदंत मार्तंड, 8-दक्षिण कोशल, 9-आठ मार्च, 10-पैर (जांघ की हड्डी)

**जीके क्विज-94 का सही उत्तर देने वाले :** रौनक-जांजगीर चांपा, हितेश-जशपुर, सुप्रिया-जींद, पिंकी-भोपाल, माही-अहमदाबाद, पुरु-चंडीगढ़, तनु-दुर्ग, प्रियांशु-दिल्ली, मनन-जबलपुर, रानी-रोहतक, मोहित-रायपुर, राजू-हिसार

## हंसगुल्ले

**रोहित-** मम्मी, बच्चों से अगर कोई गलती हो जाए तो इसके लिए उन्हें डांटना चाहिए क्या?
**मम्मी (मुस्कुराते हुए)-** नहीं बेटा, प्यार से समझाना चाहिए।
**रोहित-** फिर तो ठीक है मम्मी, आज स्कूल में मेरा टिफिन बॉक्स गुम हो गया।

-अनुकृति, राजनांदगांव

**मनीष-** पापा, आज मैंने स्कूल में ब्लैक बोर्ड पर सांप बनाया था।
**पापा (हंसकर)-** तुम्हें डर नहीं लगा, कहीं काट लेता तो?
**मनीष-** वो काटता कैसे, मैंने उसके दांत ही नहीं बनाए थे।

-प्रेम, रोहतक



**राजू-** चिक्की, क्या तुझे पता है कि सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
**चिक्की-** अरे, वह दिन भर आसमान में घूमकर थक जाता है, इसलिए आराम करने चला जाता है।

-सीमा, रायपुर

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

मयंक और वैभव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन एक दिन दोनों के बीच झगड़ा हो गया, आपस में बोल-चाल बंद हो गई। यह बात जब मयंक-वैभव के दादा जी को पता चली तो उन्होंने दोनों की नाराजगी दूर करने की बड़ी मीठी सी योजना बनाई। क्या थी उनकी यह योजना? क्या वे मयंक-वैभव की आपस में दोस्ती कराने में सफल रहे?

# दोस्ती के नए रंग



मयंक इन दिनों बहुत खुश है, क्योंकि कुछ दिन पहले उसके दादा जी गांव से शहर दिल्ली आए हुए हैं। जब से दादा जी आए हैं, सुबह स्कूल बस तक वही मयंक को छोड़ने जाते हैं। अभी दादा जी को आए दो-चार दिन ही हुए थे कि उन्हें पता चल गया कि मयंक की अपने पड़ोस में रहने वाले वैभव से बोल-चाल बंद है। दादा जी को मालूम था कि मयंक और वैभव में बहुत गहरी दोस्ती थी। दोनों साथ-साथ स्कूल जाते-आते थे। शाम को इकट्ठे खेला भी करते थे। मयंक के मम्मी-पापा ने दादा जी को बता दिया कि कुछ महीने पहले पार्क में खेलते समय किसी बात पर मयंक और वैभव के बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद से उन दोनों में बोल-चाल बंद है। वैभव के दादा जी भी वैभव को स्कूल बस तक छोड़ने जाते थे। उनकी मयंक के दादा जी से दोस्ती हो गई थी। स्कूल बस में बच्चों को बैठाकर घर वापस आते समय आपस में उन दोनों की बातचीत होती। मयंक के दादा जी की तरह वैभव के दादा जी को भी यह अच्छा नहीं लगता था कि मयंक-वैभव एक-दूसरे से बात नहीं करते हैं। वे दोनों चाहते थे कि मयंक और वैभव के बीच का मनमुटाव दूर हो जाए। इसके लिए उन दोनों ने एक योजना बनाई।

दूसरे दिन ही मयंक के दादा जी ने मयंक से कहा, 'वैभव घर के बाहर मिला था। वह कह रहा था कि तुमसे बात करने का उसका बहुत मन करता है।' इसके एकाध दिन बाद उन्होंने फिर मयंक को कहा, 'वैभव आज कह रहा था कि वह तुम्हारे साथ फिर से खेलना चाहता है।' फिर एक दिन दादा जी मयंक से बोले, 'वैभव कह रहा था कि वह तुमसे फिर से बोल-चाल शुरू करना चाहता है।' कुछ इसी तरह की बातें वैभव से भी उसके दादा जी मयंक के बारे में कहते रहे।

अपने-अपने दादा जी की ऐसी बातें सुनकर मयंक और वैभव के मन में एक-दूसरे के लिए बैठा गुस्सा धीरे-धीरे मिटने लगा। दोनों का मन करने लगा कि वे पहले की तरह दोस्त बन जाएं।

अगले सप्ताह ही होली थी। मयंक से उसके दादा जी बोले, 'वैभव चाहता है कि तुम्हारे साथ फिर से होली खेली जाए, तुम्हारे बिना उसे होली फीकी लगेगी।' फिर एक दिन उन्होंने मयंक से कहा, 'वैभव ने मुझसे कहा है कि वह होली वाले दिन सुबह दस बजे अपने घर की छत पर रंग-गुलाल लेकर होली खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करेगा।' उधर वैभव से भी उसके दादा जी ने ऐसी ही बातें कही।

होली का दिन आया। मयंक और वैभव रंग, गुलाल, पिचकारी लेकर दस बजे अपने-अपने घर की छत पर पहुंच गए। एक-दूसरे को छत पर आया देखकर वे दोनों बहुत खुश हुए। घर की साझी मुंडेर के पास आकर एक-दूसरे के करीब खड़े हो गए। इसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर रंग डालना शुरू कर दिया।

तभी मयंक के दादा जी सीढ़ियां चढ़कर छत पर आ गए। उधर वैभव के दादा जी भी अपने घर की छत पर पहुंच गए। मयंक-वैभव को होली खेलते देख दोनों जोर से बोले, 'होली है, भई होली है...!' मयंक और वैभव ने भी स्वर में स्वर मिलाया, 'होली है, भई होली है...!' फिर दोनों दोस्त आपस में गले भी मिले। दोनों ने एक-दूसरे के दादा जी को भी रंग से भिगो दिया। उनको नहीं मालूम था, इस मिलन के पीछे दोनों के दादा जी का हाथ है। दोनों दादा जी मयंक-वैभव की दोस्ती के नए रंग देखकर मंद-मंद मुस्करा रहे थे। *

विशेष: विश्व गौरैया दिवस, 20 मार्च

कविता / सतीश उपाध्याय

# बोल जरा नन्ही गौरैया



बोल जरा नन्ही गौरैया
किसने किया, तुझे उदास।
आंगन में दाने हैं फिर भी
क्यों नहीं इनके आती पास।
आ मुंडेर पर फुदक जरा
सूनी सी लगती है भोर।
फिर से आ, सुना जरा
चीं-चीं वाला मीठा शोर।
ओ! री चंचल, भोली चिड़िया
आ चुग ले तू दाना।
फिर बीनकर तिनका-तिनका
घर तू यहीं बनाना।
पता नहीं, तू गई कहां
कहां गया तेरा बसेरा
तेरे बिन फीका सा लगता
सचमुच रोज सबेरा।

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

## हमें लगातार क्यों चाहिए ऑक्सीजन

बच्चों, हम बिना भोजन और पानी के कुछ दिनों तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन बिना ऑक्सीजन के कुछ ही मिनटों में जीवित नहीं रहेंगे। हमें लगातार ऑक्सीजन चाहिए। ऑक्सीजन एक रासायनिक तत्व है। हवा का लगभग पांचवां हिस्सा ऑक्सीजन का होता है। ऑक्सीजन तकरीबन सभी तत्वों से मिल जाता है। जब



ऑक्सीजन अन्य तत्वों से मिलता है तो नए यौगिक बनते हैं, जिन्हें ऑक्साइड्स कहते हैं।

बच्चों, इंसानों में श्वसन की क्रिया में भोज्य पदार्थों के ऑक्सीकरण के दौरान ऊर्जा मुक्त होती है। ऊर्जा जीवित कोशिकाओं का ईंधन है। इस ऊर्जा का प्रयोग शरीर को गतिशील रखने और शारीरिक निर्माण के लिए किया जाता है। बच्चों, हमारे शरीर में ऑक्सीजन फेफड़ों के जरिए पहुंचता है। फेफड़ों से ऑक्सीजन खून में जाता है, फिर शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंचता है। इससे सभी कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचती है। ताकि सभी कोशिकाएं निरंतर काम करती रहें। यही वजह है कि ऑक्सीजन की हमें निरंतर जरूरत पड़ती है। *

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 6 अंतर मौजूद हैं। पांच मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-लड़के की टोपी पर हरे रंग की दो स्ट्रिप दिख रही है। 2-सबसे दाएं तरफ दिख रही पवनचक्की का एक ब्लेड गायब है। 3-बच्चे के दाएं पैर के पास हरी घास पर गिरा एक फूल गायब है। 4-बच्चे के बाएं पैर के पीछे हरी घास पर एक फूल दिख रहा है। 5-पवनचक्की के पीछे हरी झाड़ी की स्थिति में अंतर है। 6-बाएं से सबसे पहली पवनचक्की के ब्लेड्स के केंद्रीय हिस्से का रंग अलग है।

## सही संख्या बताओ

बच्चों, यहां पर एक जैसे दिखने वाले फूड पैकेट कार्टून के एक झुंड का चित्र दिया गया है, जिसमें कुछ फूड पैकेट कार्टून दाईं यानी राइट और कुछ बाईं यानी लेफ्ट डायरेक्शन में खड़े हैं। तुम्हें फटाफट यह बताना है कि कितने फूड पैकेट कार्टून राइट और कितने फूड पैकेट कार्टून लेफ्ट डायरेक्शन में खड़े हैं?



उत्तर: राइट डायरेक्शन में खड़े फूड पैकेट कार्टून -14, लेफ्ट डायरेक्शन में खड़े फूड पैकेट कार्टून -13

## ढूंढ़ो तो जरा

बच्चों, तुम्हें नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर बताना है कि इनमें से किस-किस के नाम की शुरुआत अंग्रेजी के D अक्षर से होती है। जल्दी से उनके नाम ढूंढ़कर बताओ तो।



उत्तर: Dolphin, Dinosaur, Dog, Doctor, Duck, Drum, Donkey, Dragon fly